हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, शनिवार, 7 दिसंबर 2024 अंक 55 | वर्ष 6 | पृष्ठ 8+4 | कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या डायबिटीज से परेशान हो ?

डायबेटीज चेकअप करके पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सितावर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# तलाक के बाद भी गैर-दलित महिला के बच्चों को मिलेगा 'एससी' का दर्जा

## सुको ने एक गैर-दलित महिला और दलित पति की शादी को किया रद्द

## आर्टिकल 142 के तहत मिले विशेष अधिकारों का किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** एक गैर-दलित महिला और दलित पुरुष से शादी की। दोनों से दो बच्चे भी हुए लेकिन रिश्तों में खटास आ गई। दोनों अलग-अलग रहने लगे। महिला दोनों बच्चों के साथ मायके रहने लगी। मामला अदालत पहुंचा। अब सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 तक खुद को मिले असाधारण अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए महिला और पुरुष की शादी को रद्द कर दिया।



### बच्चों और पिता के बीच संबंध सुधारने का निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने महिला को निर्देश दिया कि वह बच्चों और उनके पिता के बीच संबंध सुधारने में सहयोग करे। इसके तहत बच्चों की पिता से समय-समय पर मुलाकात सुनिश्चित की जाए और छुट्टियों में उनके साथ समय बिताने की अनुमति दी जाए। पीठ ने दंपति द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर क्रॉस-एफआईआर और अन्य मामलों को भी खारिज कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने पुरुष को वन टाइम सेटलमेंट के तौर पर महिला को 42 लाख रुपये का भुगतान करने, प्लॉट का मालिकाना हक देने और बच्चों की पोस्टग्रैजुएट तक पढ़ाई का सारा खर्च वहन करने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्पष्ट किया कि गैर-दलित महिला को भले ही शादी के आधार पर एसएसी का दर्जा नहीं मिल सकता, लेकिन एससी से पैदा हुए उसके दोनों बच्चों को तलाक के बाद भी एससी का दर्जा मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पति को आदेश दिया है कि वह 6 महीने के भीतर बच्चों को एसएसी सर्टिफिकेट बनवाकर दे।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुयन की बेंच ने पति को बच्चों के लिए एसएसी सर्टिफिकेट लेने का आदेश दिया। बच्चे पिछले छह साल से मां के साथ रह रहे हैं। बेटा 11 साल का है और बेटी 6 साल की है। जूही पोरिया नी जवालकर और प्रदीप पोरिया को तलाक देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि गैर-दलित महिला शादी से एसएसी नहीं बन सकती। लेकिन एसएसी पिता से जन्मे बच्चे एसएसी श्रेणी में आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में भी यही कहा था, 'जन्म से जाति तय होती है, शादी से नहीं। सिर्फ पति एसएसीहोने से पत्नी एसएसी नहीं हो सकती।'

तलाक के बाद भी बच्चे गैर-दलित परिवार में पलेंगे, लेकिन एसएसी माने जाएंगे। इससे उन्हें सरकारी शिक्षा और नौकरी में आरक्षण मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने पति को छह महीने में बच्चों का एसएसी सर्टिफिकेट बनवाने को कहा। पति पोस्ट-ग्रेजुएशन तक बच्चों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगा। इसमें फीस, रहना-खाना सब शामिल है।

सुप्रीम कोर्ट ने पुरुष को आदेश दिया है कि वह महिला को जीवनभर गुजारे के लिए 42 लाख रुपये की एकमुश्त राशि का भुगतान करे। इतना ही नहीं, उसे अपनी रायपुर की जमीन भी महिला के नाम करनी होगी। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने ये भी कहा है कि महिला के रोजमर्रा के कामकाज में आसानी के लिए पुरुष उसे एक दोपहिया वाहन खरीदकर देगा। अगले साल 31 अगस्त तक पुरुष महिला को दोपहिया वाहन खरीद कर देगा।

### एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दर्ज एफआईआर और केस भी रद्द कर दिए। शीर्ष अदालत ने महिला को बच्चों की पिता से नियमित मुलाकात कराने को कहा। बच्चों को पिता के साथ छुट्टियां बिताने की अनुमति भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बच्चों और पिता के बीच अच्छे रिश्ते होने चाहिए।

## खबरें! एक नजर में!!

### राष्ट्रपति जन्मस्थान उपरबेड़ा पहुंचीं

**रायरंगपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को ओडिशा के मयूरभंज जिले में अपने जन्मस्थान उपरबेड़ा गांव की यात्रा करने के दौरान भावुक हो गईं और कहा कि उन्होंने गांव को हमेशा अपने परिवार की तरह माना है। मुर्मू का जन्म 20 जून 1958 को बामनघाटी अनुमंडल के उपरबेड़ा गांव में एक संथाली परिवार में हुआ था।वह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन होने के बाद पहली बार अपने गांव और पैतृक घर आईं।

### बेंगलुरु में लिंगायत संत की मूर्ति तोड़ी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में पार्सल डिलीवरी करने वाले एक युवक ने लिंगायत संत शिवकुमार स्वामी की मूर्ति खंडित कर दी। उसने मूर्ति के सिर पर बड़ा छेद कर दिया। मूर्ति तोड़ने वाले 37 साल के श्रीकृष्णा ने बताया कि मेरे सपने में जीसस क्राइस्ट आए थे, उन्होंने मूर्ति तोड़ने के लिए कहा। इलाके के लोगों को जब मूर्ति टूटने का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार किया।

### छात्र ने प्रिंसिपल को गोली मारी

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक सरकारी स्कूल में प्रिंसिपल की स्कूल में ही पढ़ने वाले छात्र ने गोली मारकर हत्या कर दी। मर्डर करने के बाद आरोपी छात्र मृतक प्रिंसिपल की स्कूटी लेकर मौके से फरार हो गया। घटनाओं की जानकारी लगने के बाद भारी संख्या में पुलिस बल एवं आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एफएसएल की टीम घटना की बारीकी से जांच कर रही है।

### पंजाब में आतंकी मॉड्यूल पकड़ा

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ कर 10 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। इस आतंकी मॉड्यूल को सीमा पर से पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर रिंदा और विदेश स्थित हैप्पी बड्र्स, जीवन फौजी और अन्य द्वारा चलाए जा रहा था। यह मॉड्यूल बटाला में एक पुलिस अधिकारी के आवास पर हुए हमले में शामिल था। आरोपियों के पास से 1 हैंड ग्रेनेड, 3 पिस्तौल और एक चीनी ड्रोन बरामद किया है।

### बस-टैंकर की टक्कर में 8 की मौत

**कन्नौज।** यूपी के कन्नौज जिले में शुक्रवार को लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर एक प्राइवेट स्लीपर बस रॉन्ग साइड आ रहे टैंकर से टकरा गई। हादसे में बस के 8 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 19 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्लीपर बस लखनऊ से आगरा जा रही थी। सवारियों से भरी प्राइवेट बस रॉन्ग साइड से आ रहे टैंकर से जा टकराई।

### नहीं रहे पूर्व मंत्री मधुकर पिचड

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे मधुकर पिचड का शुक्रवार को नासिक के एक अस्पताल में बीमारी के चलते निधन हो गया। उन्होंने 84 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। एनसीपी नेता और उनके साथी रहे छगन भुजबल ने बताया कि पिचड को पिछले महीने ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था।


## यूपी कॉलेज में मस्जिद हटाने पर अड़े छात्र



**वाराणसी।** वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज परिसर के भीतर एक मस्जिद और उसके सामने की जमीन पर वक्फ बोर्ड के दावे से विवाद खड़ा हो गया है। कॉलेज में शुक्रवार को जमकर हंगामा हुआ और तनाव का माहौल बन गया। छात्रों ने परिसर स्थित मस्जिद और मजार में घुसकर हनुमान चालीसा का पाठ करने कोशिश की। पुलिस ने उनको रोका तो छात्र यूपी कॉलेज के गेट पर ही बैठ गए और वही हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया।

## देशभर में खोले जाएंगे 85 केंद्रीय विद्यालय

### कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें तमाम फैसले लिए गए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में 85 केंद्रीय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोले जाएंगे। ये विद्यालय उन जिलों खोले जाएंगे जिनको नवोदय विद्यालय योजना के तहत कवर नहीं किया गया है। इसके अलावा बैठक में हरियाणा से कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो के 26.46 किलोमीटर लंबे रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नई शिक्षा नीति को लागू करने के लिए पीएम श्री लाया गया। सभी केंद्रीय विद्यालयों और नवोदय विद्यालयों को पीएम श्री स्कूलों के रूप में नामित किया गया है। ताकि उन्हें मॉडल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि नए केंद्रीय विद्यालय खुलने से देश भर में 82 हजार से अधिक छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मौजूदा समय में 1256 कार्यात्मक केंद्रीय विद्यालय हैं। इनमें तीन विदेश में हैं।

इनमें मॉस्को, काठमांडू और तेहरान शामिल हैं। 13.56 लाख छात्र इन स्कूलों में पढ़ रहे हैं। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 से पहले 248 किमी लंबी मेट्रो का काम देश में हुआ था। जबकि 2014 से 2024 तक 745 किमी मेट्रो का काम हुआ है। मौजूदा समय में एक हजार किमी मेट्रो का काम चल रहा है। दिल्ली में चार फेज में काम करने की योजना है। तीन फेज में 296 किमी में काम हो चुका है। चौथे फेज में छह कॉरिडोर बनाए जाएंगे। इसमें पांच कॉरिडोर पहले ही स्वीकृत हो चुके हैं। अब कैबिनेट ने छठवें कॉरिडोर को मंजूरी दी है। चौथे चरण में छठवां कॉरिडोर में 26.462 किमी लंबा होगा। इसमें 21 स्टेशन होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छठवें कॉरिडोर से दिल्ली-हरियाणा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह कॉरिडोर रिठाला से शुरू होकर नरेला- कुंडली तक जाएगा। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

## अब 'गगन' चूमेगा हमारा गगनयान

### इसरो ने यूरोपीय स्पेस एजेंसी से मिलाया हाथ



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने 4 दिसंबर को एक तकनीकी कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) पर हस्ताक्षर किए, जो ईएसए को भारत के गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण ग्राउंड ट्रैकिंग सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। इसरो की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इसरो की ओर से ईस्ट्रस के निदेशक डॉ.अनिलकुमार ए. के. और ईएसए की ओर से प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गुणवत्ता निदेशक तथा ईस्टक, नीदरलैंड के निदेशक डाइटमार पिल्ज़ ने टीआईपी पर हस्ताक्षर किए। इसरो ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया 'वैश्विक सहयोग को मजबूत करना! 4 दिसंबर, 2024 को, इसरो और ईएसए ने गगनयान मिशन के लिए ग्राउंड ट्रैकिंग सहायता प्रदान करने के लिए एक तकनीकी कार्यान्वयन योजना पर हस्ताक्षर किए। निर्बाध कक्षीय संचालन और डेटा निरंतरता के लिए एक बड़ा कदम!' अगस्त में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) में इसरो के अध्यक्ष डॉ.सोमनाथ एस और बेल्जियम के भारत में राजदूत डिडिएर वैन डेर हैसेल्ट की उपस्थिति में टीआईपी पर हस्ताक्षर किए गए। टीआईपी ईएसए को गगनयान मिशन के लिए ग्राउंड स्टेशन सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाता है जो निगरानी और कक्षीय संचालन के लिए ऑर्बिटल मॉड्यूल के साथ डेटा प्रवाह और संचार में निरंतरता सुनिश्चित करेगा। इसरो और ईएसए के बीच लंबे समय से सहयोग चल रहा है और वे अतीत में कई अंतरिक्ष मिशनों की सफल उपलब्धि में एक-दूसरे का सहयोग करते रहे हैं और भविष्य में सहयोग गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीआईपी पर हस्ताक्षर इसरो और ईएसए के बीच सहयोग में एक और कदम है। (एएनआई) गगनयान परियोजना में 3 सदस्यों के चालक दल को 3-दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और उन्हें भारतीय समुद्री जल में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।

### वैश्विक पटल पर होगी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

इसरो ने कहा कि यह मिशन न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल), इसरो और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) टीमों के समर्पण को दर्शाता है। इसरो ने कहा कि यह उपलब्धि वैश्विक अंतरिक्ष नवाचार को सक्षम करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है।


## कोलंबकर ने ली प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ



**नई दिल्ली।** मुंबई भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक कालिदास कोलंबकर ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा के 'प्रोटेम स्पीकर' के रूप में शपथ ली। महाराष्ट्र विधानसभा का 3 दिवसीय विशेष सत्र शुरू होने से एक दिन पहले कोलंबकर ने शपथ ली। 9 बार विधायक रहे कोलंबकर को राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने दक्षिण मुंबई में राजभवन में शपथ दिलाई। कोलंबकर नए सदन में सबसे वरिष्ठ विधायक हैं और पिछले महीने हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने मुंबई की वडाला सीट से जीत हासिल की थी। 'प्रोटेम स्पीकर' के रूप में वे 288 नवनिर्वाचित विधायकों को पद की शपथ दिलाएंगे और विधानसभा की कार्यवाही का संचालन करेंगे। कोलंबकर मुंबई में 7 दिसंबर से शुरू हो रहे 15वीं विधानसभा के 3 दिवसीय विशेष सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव 9 दिसंबर को होगा जिसके बाद देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार विश्वास मत हासिल करेगी।

## राज्यसभा में मिले नोटों पर हंगामा

### खड़गे ने सभापति को दे दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** संसद में इन दिनों शीतकालीन सत्र जारी है। शुक्रवार जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस सांसद अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास से 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली। इसे लेकर कुछ देर सदन में हंगामा हुआ और सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के सदस्यों में तीखी नोकझोंक भी हुई। हालांकि, इस आरोप पर पत्रकारों से बातचीत में अभिषेक मनु सिंघवी ने हैरानी जताई और कहा कि इस तरह के मामलों पर राजनीति होना हास्यास्पद है। उन्होंने यह भी कहा कि वह सदन में जाते हैं तो उनके पास 500 रुपये का एक नोट होता है और अगर सुरक्षा से जुड़ा कोई विषय है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभापति को जांच पूरी किए बिना सदस्य का नाम नहीं बताना चाहिए था.

### लोकसभा को 9 दिसंबर तक के लिए स्थगित

शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही 12 बजे फिर से स्थगित हो गई। संसद के शीतकालीन सत्र के हिस्से के रूप में लोकसभा को 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सत्र में विपक्ष सांसदों द्वारा लगातार नारेबाजी किए जाने की वजह से कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। हंगामे के कारण शुक्रवार को भी राज्यसभा में कोई कामकाज नहीं हुआ।

## दिल्ली कूच पर अड़े किसान

### शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर पिछले 9 महीने से धरना दे रहे किसानों ने शुक्रवार को दोपहर एक बजे दिल्ली के लिए कूच करने का प्रयास किया। पहले जत्थे में संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) से जुड़े 101 किसानों का जत्था पैदल अंबाला की तरफ बढ़ते हुए दो बैरिकेड तोड़ और कंटीले तार उखाड़कर लगभग 200 मीटर आगे बढ़ा, लेकिन हरियाणा पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों ने रोक लिया है।

इस दौरान हरियाणा पुलिस और किसानों के बीच भारी झड़प हुई। इसके जवाब में हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इसके बाद आंदोलनकारी किसान कुछ पीछे हट गए। किसानों नेताओं का कहना है कि वह शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली जाना चाहते हैं, लेकिन हरियाणा पुलिस आगे नहीं बढ़ने दे रही है। हरियाणा पुलिस ने धारा 163 लगा किसानों को रोकने की पूरी तैयारी कर रखी है। नए सिरे से बैरिकेडिंग कर हाईवे को पूरी तरह से सील कर दिया है। भारी संख्या में पुलिस व अर्ध सैनिक बल के जवान तैनात हैं। हरियाणा पुलिस किसानों को चेतावनी दे रही है कि वह वापस चले जाएं। उन्हें पैदल भी आगे जाने की परमिशन नहीं है। किसान अपने साथ किसान यूनियन के झंडों के साथ तिरंगा भी लेकर चल रहे थे। किसान नेता सरवन सिंह पंढेर कहा कि 101 किसानों पहला जत्था, जिसे मरजीवड़ा नाम दिया गया है, दिल्ली जाना चाहता है.

## हाशिमपुरा नरसंहार केस में 10 दोषियों को जमानत

### पीएसी जवानों ने 1987 में 35 मुस्लिमों को गोली मारी थी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के हाशिमपुरा नरसंहार मामले में 10 दोषियों को जमानत दे दी। मामला साल 1987 का है। यूपी के प्रॉविंशियल आर्म्ड कॉन्स्टब्युलरी (पीएसी) के अफसरों और जवानों ने करीब 35 लोगों को गोली मार दी थी। जस्टिस अभय एस.ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच के सामने पेश सीनियर एड.अमित आनंद तिवारी ने दलील दी कि दिल्ली हाईकोर्ट ने गलत तथ्यों के आधार पर ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा था। ट्रायल कोर्ट ने घटना के करीब 28 साल बाद 2015 में फैसला सुनाते हुए सभी आरोपियों को सबूतों की कमी के आधार पर बरी कर दिया था। हालांकि, दिल्ली हाईकोर्ट ने 2018 में 16 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई। एड.तिवारी ने तर्क दिया कि हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, लेकिन सभी 2018 से जेल में हैं। इस वजह से उन्हें जमानत दी जाए। बता दे की साल 1987 में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के शहर मेरठ में बाबरी मस्जिद विवाद को लेकर सांप्रदायिक तनाव चल रहा था। इसे लेकर पीएसी और सेना ने शहर के हाशिमपुरा इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान पीएसी की दो राइफलें लूट ली गईं और एक मेजर के रिश्तेदार की हत्या कर दी गई। इसके बाद पीएसी ने करीब 42-45 जवान और बूढ़े लोगों को पकड़ा और उन्हें 41वीं बटालियन की सी-कंपनी के पीले रंग के ट्रक में भरकर ले गए। हालांकि, उन्हें थाने ले जाने के बजाय गाजियाबाद के पास एक नहर पर ले जाया गया। वहां पीएसी जवानों ने उन लोगों को गोली मार दी। कुछ शवों को गंग नहर में और बाकी को हिंडन नदी में फेंक दिया। इसमें 38 लोग मारे गए। ज्यादातर के शव तक नहीं मिले। सिर्फ 11 शवों की पहचान उनके रिश्तेदारों ने की। हालांकि, पांच लोग बच गए। गोलीबारी के दौरान उन्होंने मरने का नाटक किया और पानी से तैरकर निकल गए। मामले को उनकी गवाही को आधार पर बनाया गया। घटना ने अल्पसंख्यकों को हिलाकर रख दिया।

### ट्रायल कोर्ट ने 2015 में सभी आरोपियों को बरी कर दिया

अक्तूबर 2018 में जस्टिस एस मुरलीधर और जस्टिस विनोद गोयल की हाईकोर्ट की पीठ ने बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया और 16 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय ने इस हत्याकांड को पुलिस द्वारा निहत्थे और असहाय लोगों की "लक्षित हत्या" करार दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर आपराधिक अपीलें वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित हैं।

## राहुल को गद्दार बताए जाने पर भड़की कांग्रेस



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद संबित पात्रा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। गुरुवार को उन्होंने जमकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर हमला बोला था। यहां तक कि कांग्रेस नेता को देश का गद्दार भी बताया। अब सबसे पुरानी पार्टी के सांसद हिबी ईडन ने पात्रा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष को एक नोटिस दिया है। उनका कहना है कि भाजपा सांसद ने पूरी तरह से अपमानजनक और असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल कर स्पष्ट रूप से संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे अपने पत्र में ईडन ने कहा, 'मैं विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाना चाहता हूं और राहुल गांधी के खिलाफ संबित पात्रा के पूरी तरह से असंसदीय आचरण की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं।' उन्होंने कहा कि पांच दिसंबर को संवाददाता सम्मेलन में पात्रा ने नेता प्रतिपक्ष को शीर्ष स्तर का गद्दार बताया और नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ निराधार आरोप लगाए। ईडन ने कहा कि विपक्ष के नेता के खिलाफ ऐसे शब्दों का इस्तेमाल सार्वजनिक जीवन में मानहानिकारक और अस्वीकार्य होने के साथ ही विपक्ष के नेता के संसदीय विशेषाधिकार का भी पूर्ण उल्लंघन है।

CMYK

# मारुति सुजुकी ने बढ़ा दिए कार के दाम

**नई दिल्ली.**

देश की नंबर वन कार कंपनी मारुति सुजुकी ने अपने ग्राहकों को झटका दे दिया है. मारुति ने जनवरी 2025 से कार के दाम बढ़ाने का ऐलान कर दिया है. जनवरी 2025 से मारुति सुजुकी ने अपनी कारों की कीमत में 4 फीसदी का इजाफा कर दिया है. मारुति सुजुकी ने स्टॉक एक्सचेंज को इस बात की आधिकारिक जानकारी दे दी है.

इस खबर के आते ही मारुति के शेयरों में जमकर उछाल देखा गया है और ये सीधा 11,270 रुपये प्रति शेयर पर आ गया है. मारुति सुजुकी के शेयरों में 105.85 रुपये या करीब एक फीसदी का उछाल देखा जा रहा है और इसका मार्केट कैप सीधा 3.54 लाख करोड़ रुपये तक आ गया है. बढ़ती इनपुट लागत और ऑपरेशनल कॉस्ट के मद्देनजर, कंपनी ने जनवरी 2025 के आखिर से अपनी कारों की कीमतों में बढ़ोतरी करने की योजना बनाई है. कीमत में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है और यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी.



कंपनी ने हालांकि ये भी कहा है कि लगातार लागत को ऑप्टमाइज करने और अपने ग्राहकों पर पड़ने वाले असर को कम करने की कोशिश करती है, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालने की जरूरत हो सकती है जिसके कारण ये फैसला लिया गया है.

रिजर्व बैंक ने आज बैंकों के लिए कैश रिजर्व रेश्यो को घटा दिया है और इसे 4.5 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया है. इसके चलते बैंकों के पास अतिरिक्त कैश रहेगा जिससे वो ज्यादा धनराशि से लैस होंगे और ज्यादा लोन दे पाएंगे. होम लोन-कार लोन आदि के लिए बैंकों के पास ज्यादा पूंजी रहेगी और इसका असर कारों के लोन लेने वालों पर भी पड़ेगा जिससे ऑटो लोन की संख्या बढ़ेगी और मारुति सुजुकी को भी इसका फायदा मिल सकेगा.

# आलू-टमाटर के दाम जेब कर रहे खाली

## > 7 फीसदी महंगी हुई घर की थाली

**नई दिल्ली.**

जब से टमाटर और आलू की कीमतों में इजाफा देखने को मिला है, तब से आम लोगों की जेब लगातार ढीली होती जा रही है. इस महंगाई के कारण घर की साधारण शाकाहारी थाली, नॉन वेज थाली के मुकाबले लगातार तेजी के साथ महंगी होती जा रही है. अक्टूबर महीने के आंकड़े को देखें तो घरेलू वेज थाली की कीमत में 7 फीसदी तक का इजाफा देखने को मिला है. जबकि समान महीने में नॉन वेज थाली की कीमत में फीसदी तक की तेजी देखने को मिली है. अब आप समझ जाइए कि आलू और टमाटर की कीमत ने आम लोगों के साधारण भोजन को भी कितना महंगा कर दिया है. आइए आपको भी बताते



हैं कि आखिर क्रिसिल की ओर से आई रिपोर्ट में किस तरह की जानकारी दी गई है.

टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से नवंबर के महीने में घरेलू शाकाहारी भोजन साल भर पहले की तुलना में सात प्रतिशत तक महंगा हो गया. रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट कहती है कि नवंबर महीने में शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर सात प्रतिशत बढ़कर 32.7 रुपये हो गई. शाकाहारी थाली महंगी होने का मुख्य कारण टमाटर की कीमतों में 35 प्रतिशत और आलू की कीमतों में 50 प्रतिशत की उच्च बढ़ोतरी है. पिछले महीने टमाटर के दाम 53 रुपये प्रति किलो और आलू के दाम 37 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए. इसके अलावा, दालों की कीमतों में भी 10 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला. वैसे सरकारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर महीने की खुदरा महंगाई 6 फीसदी से ऊपर चली गई थी. जिसमें खाद्य महंगाई का योगदान सबसे ज्यादा देखने को मिला था.

### आयात शुल्क में बढ़ोतरी

दिसंबर महीने में नई फसलों की आवक आने से इन उत्पादों के दाम गिरने की संभावना है. नवंबर में आयात शुल्क में बढ़ोतरी की वजह से वनस्पति तेल की कीमतें भी 13 प्रतिशत तक बढ़ गईं. राहत की बात यह रही कि एलपीजी की कीमतों में कटौती से फ्यूल लागत 11 प्रतिशत घट गई. इससे घरेलू थाली की लागत पर दबाव कम करने में मदद मिली. अब देखने वाली बात ये होगी कि नवंबर और दिसंबर महीने की क्रिसिल रिपोर्ट के आंकड़े किस तरह की कहानी बयां करते हैं.

# जीडीपी ग्रोथ अनुमान घटाकर दिया झटका

**नई दिल्ली.** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए रिजर्व बैंक ने जीडीपी के अनुमान को घटा दिया है और ये चौंकाने वाला कदम है. देश की आर्थिक विकास दर को लेकर किया गया ये बदलाव सरकार के लिए भी चिंता की वजह बन सकता है. रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक के अलावा जियो पॉलिटिक्स में देखी जा रही चुनौतियां सभी देशों के सामने एक बड़ा मुद्दा बनी हुई हैं. इसके अलावा महंगाई के ताजा आंकड़ें और दूसरी तिमाही में जीडीपी रेट कम रहना भी चिंता की वजह हैं.

आरबीआई ने जिस बड़े फैसले का ऐलान किया उसमें देश की आर्थिक विकास दर का अनुमान घटाने की घोषणा अहम है. आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के अनुमान को घटाकर 6.6 फीसदी कर दिया है जो पहले 7.2 परसेंट पर था. ध्यान रहे कि अक्टूबर की क्रेडिट पॉलिसी में रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी का अनुमान 7.2 फीसदी पर कर दिया है.

इस साल की बची हुए तिमाही में जीडीपी का आंकड़ा देखें तो वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही





(अक्टूबर-दिसंबर) में जीडीपी ग्रोथ 6.8 फीसदी पर रहने का अनुमान दिया है. इसके बाद चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में जीडीपी दर 7.2 फीसदी पर रहने का अनुमान है.

वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में आरबीआई का ग्रोथ अनुमान 6.9 फीसदी पर आया है और इसके साथ ही अगले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 7.3 फीसदी पर रहने का अनुमान आरबीआई ने इस क्रेडिट पॉलिसी में दिया है. आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार को शुरू हुई तीन दिवसीय बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी. एमपीसी ने रेपो दर को समान स्तर यानी 6.5 फीसदी पर बरकरार रखने का फैसला लिया है. एमपीसी के छह में से चार सदस्यों ने नीतिगत दर को स्थिर रखने के लिए वोट दिया जबकि दो इसमें बदलाव किए जाने के पक्ष में थे.

# आरबीआई ने किसानों को दी बड़ी सौगात

## > बिना गारंटी के मिलेगा 2 लाख का लोन

**नई दिल्ली.** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अपने आखिरी मॉनेटरी पॉलिसी में किसानों को बड़ी राहत दी है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती महंगाई से किसानों को राहत देने के मकसद से बिना गारंटी के अब दो लाख रुपए तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की है. अभी यह सीमा 1.6 लाख रुपए है. इससे पहले आरबीआई ने लगातार 11वीं बार रेपो रेट में कोई बदलाव ना करने का फैसला लिया. इसका मतलब है कि रेपो रेट 6.5 फीसदी पर कायम रहेगा. दूसरी ओर सरकार ने कैश रिजर्व रेश्यो में कटौती करते हुए 4 फीसदी पर कर दिया है. जिससे देश के बैंकों को 1.15 लाख करोड़ रुपए का बूस्ट मिलेगा.

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए बुधवार को कहा कि महंगाई और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल



की लागत में वृद्धि को देखते हुए गारंटी फ्री एग्री लोन की सीमा को 1.6 लाख रुपए से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है. उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने को लेकर छोटे और सीमांत किसानों का दायरा बढ़ेगा. आरबीआई ने 2010 में कृषि क्षेत्र को बिना किसी गारंटी के एक लाख रुपये देने की सीमा तय की थी. बाद में, 2019 में इसे बढ़ाकर 1.6 लाख रुपए कर दिया गया था. आरबीआई ने कहा कि इस संबंध में सर्कुलर जल्द ही जारी किया जाएगा. सीआरआर के तहत वाणिज्यिक बैंकों को अपनी जमा का एक निर्धारित हिस्सा नकद भंडार के रूप में केंद्रीय बैंक के पास रखना होता है. इसके साथ ही आरबीआई ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए चालू वित्त वर्ष के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है. आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को भी 4.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है.

### रेपो रेट में 11वीं बार कोई बदलाव नहीं

**भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को चालू वित्त वर्ष की पांचवीं मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग में लगातार 11वीं बार पॉलिसी रेट में कोई बदलाव नहीं किया और इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा. हालांकि इकोनॉमी में नकदी बढ़ाने के मकसद से केंद्रीय बैंक ने सीआरआर (कैश रिजर्व रेश्यो) को 4.5 फीसदी से घटाकर चार फीसदी कर दिया. इस कदम से बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी.**

# सिबिल स्कोर को लेकर संसद में भी उठा सवाल

**नई दिल्ली.** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने एक ऐसा सवाल पूछ दिया कि पूरी संसद में हंगामा हो गया और ये सवाल ही ऐसा था. इससे पूरी बैंकिंग प्रणाली पर सवाल खड़े हो गए. कार्ति का सवाल सिबिल पर था. हां वही सिबिल जिसका स्कोर खराब हुआ तो न आप हाउसिंग लोन ले पाएंगे और न ही एजुकेशन लोन. यहां तक कि पर्सनल लोन भी आपको नहीं मिलेगा. आप क्रेडिट कार्ड के भी हकदार नहीं रह जाएंगे. आपको बिजनेस या घर की जरूरतों के लिए बाहर से पैसे पाने के लिए मारा-मारा फिरना पड़ सकता है.

सिबिल स्कोर तीन अंकों की एक संख्या होती है. इससे तय होता है कि आपकी उधार या कर्ज लेने की क्षमता कितनी है. इसे चुकाने की आपकी साख कैसी है. पहले लिए गए उधार के चुकाने और वर्तमान वित्तीय क्षमता के आधार पर इसकी गणना की जाती है. इस में सबसे कम स्कोर 300 अंकों और सबसे अधिक 900 अंकों का होता है. यह कई कारकों पर निर्भर करता है. जिसके पास भी पैन कार्ड है,

अगर किसी व्यक्ति का सिबिल स्कोर बहुत खराब है तो वित्तीय संस्थाएं उस व्यक्ति को लोन देने से इनकार भी कर सकती हैं. सिबिल स्कोर तय करने का काम क्रेडिट इनफॉर्मेशन ब्यूरो इंडिया लिमिटेड नामक कंपनी करती है. साल 2000 में रिजर्व बैंक की सिद्दीकी कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर इस कंपनी का गठन हुआ. 2003 में अमेरिका की ट्रांस यूनियन कंपनी में इसके विलय के बाद इसका नाम ट्रांस यूनियन सिबिल लिमिटेड हो गया.

# घर खरीदारों को बड़ी राहत

## > 100 से ज्यादा बिल्डर के प्रोजेक्ट का निर्माण शुरू

**नई दिल्ली.** नोएडा और ग्रेटर नोएडा में शुक्रवार से 100 से ज्यादा बिल्डर प्रोजेक्ट्स पर फिर से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा. विभाग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे और चौथे चरण की पाबंदियां हटा दी हैं. इसके साथ ही निर्माण कार्य और वाहनों पर लगी रोक भी खत्म हो गई है. अब एक लाख से ज्यादा घर खरीदारों को जल्द ही अपने घर मिलने की उम्मीद है. हालांकि, सभी प्रोजेक्ट्स पर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए जरूरी उपाय करने होंगे. इसमें निर्माण के दौरान लगातार पानी का छिड़काव, ग्रीन जाल लगाना, और बड़े प्रोजेक्ट्स पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल शामिल है. नोएडा प्राधिकरण भी सभी सड़कों की सफाई नियमित रूप से करेगा.

ग्रेप-4 लागू होने की वजह से सबसे ज्यादा असर बिल्डर प्रोजेक्ट्स पर पड़ा था. निर्माण बंद होने से हजारों मजदूर घर लौट गए थे और प्रोजेक्ट्स में देरी होने लगी. नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 100 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स प्रभावित हुए थे, जिससे खरीदारों को काफी परेशानी हुई. इसके अलावा, 1000 से ज्यादा अन्य साइट्स पर भी निर्माण रुका हुआ था. वाहनों की आवाजाही पर लगा प्रतिबंध भी हटा लिया गया है. इसके अलावा, नोएडा



में जो सड़कें बंद थीं या जिनकी मरम्मत रुकी हुई थी, उन पर भी अब काम शुरू हो जाएगा. उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने बताया कि अब निर्माण कार्य और वाहनों पर रोक नहीं है, लेकिन सभी को नियमों का पालन करना होगा.

**गाइडलाइन का पालन जरूरी**

दिल्ली-एनसीआर में अभी भी ग्रेप-1 और ग्रेप-2 लागू हैं. इसका मतलब है कि प्रदूषण रोकने के लिए सभी परियोजनाओं पर सख्ती से नियमों का पालन करना होगा. निर्माण स्थल पर धूल न उड़े, इसके लिए पानी का छिड़काव जरूरी है. बड़े प्रोजेक्ट्स पर एंटी-स्मॉग गन से छिड़काव किया जाएगा.

# केंद्रीय कर्मचारियों के रिटायरमेंट में होगा बदलाव

**नई दिल्ली.** सरकारी कर्मचारी क्या समय से पहले रिटायर्ड हो जाएंगे? क्या भारत सरकार सरकारी सेवा में बने रहने की अधिकतम आयु-सीमा घटाने जा रही है? कहीं कर्मचारी की दक्षता और क्षमता या आउटपुट के आधार पर उनकी सेवानिवृत्ति के बारे में विचार तो नहीं किया जा रहा है? 30 वर्ष की सेवा अवधि के बाद कर्मचारियों को बोरिया-बिस्तर समेटने के लिए तो नहीं कहा जाएगा? संसद में इसे लेकर सरकार से सवाल पूछा गया है. लोगों का यह भी कहना है कि धुआं तभी उठ रहा है, जब कहीं न कहीं चिनगारी है.

भारत सरकार ने अब संसद के पटल पर ही स्पष्ट कर दिया है कि न कहीं धुआं है और न ही चिनगारी. धुएं का डर है, जो कर्मचारियों, उनके परिजनों या आम लोगों के मन में फिजूल का बैठा हुआ है. भारत सरकार कर्मचारियों के बारे में इस तरह का कोई फैसला नहीं लेने जा रही है. यहां तक कि ऐसा कोई प्रस्ताव भी



नहीं है, जिस पर विचार चल रहा हो. भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने सरकार से पूछा कि साल 2000 के बाद पैदा हुए लोगों के रोजगार के लिए सरकार क्या करने जा रही है? क्या इसके लिए सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु-सीमा में बदलाव कर 30 साल की सर्विस या 60 साल की उम्र में से जो भी पहले हो करने का विचार है? केंद्र सरकार की ओर से इस तरह का कोई प्रस्ताव होने से साफ इनकार किया गया. लोकसभा में सरकार की ओर से दिए गए उत्तर में साफ कहा गया कि सरकार कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र घटाकर युवाओं को नौकरी देने के बजाय रोजगार मेले जैसी पहल के माध्यम से युवाओं को जॉब दिलाने का प्रयास कर रही है.

# डिजिटल फ्रॉड पर नकेल की तैयारी

**नई दिल्ली.** बैंकिंग सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए डिजिटल फ्रॉड पर लगाम लगाई जा सकेगी. बैंकिंग सेक्टर के रेगुलेटर भारतीय रिजर्व बैंक एआई सोल्युशंस लेकर आया है जिससे म्यूल बैंक अकाउंट्स यानी फर्जी अकाउंट्स की पहचान की जा सकेगी. आरबीआई का एक ऐसा एआई सोल्युशन है जो फर्जी बैंक खातों की पहचान करेगा. आरबीआई मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक में लिए गए फैसलों का एलान करते हुए गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से डिजिटल फ्रॉड को रोकने और उसे कम करने को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयासों के तहत नाम से इंनोवेटिव एआई/एमएल बेस्ड मॉडल डेवलप किया है. आरबीआई गवर्नर ने बताया कि बैंगलुरु स्थित भारतीय रिजर्व बैंक के इंनोवेशन हब ने तैयार किया है. गर्वनर शक्तिकांत दास ने बताया कि इस नए एआई टूल बैंक तेजी के साथ फर्जी बैंक खातों जिन्हें म्यूल अकाउंट्स भी कहा जाता है उसका पता लगाने के साथ उसपर तेजी के साथ कार्रवाई कर पाएगी.

# न्याय प्रणाली दुनिया की आधुनिक न्याय प्रणाली बन जाएगी


**नई दिल्ली.**

बीते सात दशकों से हमारे देश में अगर सबसे कमजोर कड़ी किसी को माना गया तो वो थे हमारे पुराने कानून। जिन्हें अंग्रेजों ने लगभग 160 साल पहले बनाकर तैयार किया था। उन कानूनों को अंग्रेजों ने खुद को ध्यान में रखकर तैयार किया था। लेकिन यह भारत देश का दुर्भाग्य कहें या फिर पिछली सरकारों की नाकामी जिसके चलते आजादी के बाद भी भारत देश में वही पुराने कानून सात दशकों से लागू थे। हालांकि देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने जहाँ देश को गुलामी की मानसिकता से बाहर लाने का वीणा उठाया है। उसी को साकार करने के लिए गृह मंत्री अमित शाह ने तीन नए भारतीय कानूनों को लागू किया। इन तीनों नए कानूनों का लक्ष्य है कि भारतीय नागरिकों को तय समय पर न्याय और सुरक्षा दी जाए। जिससे वर्षों तक उनके मामले लंबित न रहे और न ही उन्हें तारीख पर तारीख मिलती रहे। जबकि अंग्रेजों के बनाए उन कानूनों में जहाँ एक तरफ भारतीय नागरिक कोर्ट कचहरी के चक्कर से परेशान रहते थे। दूसरी ओर उनके मामले




वर्षों तक लंबित रहते थे। इसलिए तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन कानूनों की आत्मा भारतीय है।

इनका उद्देश्य भारत के नागरिकों को न्याय दिलाना है। आने वाले तीन सालों में इन कानूनों पर पूरी तरह अमल होने पर हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली बन जाएगी। वहीं इन कानूनों के लागू होने के महज चार महीने के भीतर ही अब तक जहाँ 11 लाख से अधिक एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं उनमें से 9500 मामलों के जजमेंट भी आ गए हैं। जो यह बताने को काफी है कि, तारीख पर तारीख का दौर अब पीछे छूट गया। आज का नया भारत प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में न सिर्फ गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। साथ ही अपने बनाए सिस्टम पर यकीन करता है। सिर्फ यही नहीं इन कानूनों में दोषसिद्धि की दर भी 85 फीसदी से अधिक है। जो दोषसिद्धि की वर्तमान दर 58 फीसदी से कहीं अधिक है। यानि इससे जाहिर होता है कि इन कानूनों के पूरी तरह से अमल के बाद जहाँ संपूर्ण देश में कम समय में न्याय मिलेगा, वहीं दोषसिद्धि की दर ज्यादा होगी और इसके जरिए अपराध प्रतिशत में भी गिरावट आएगी और यह सब संभव हो पाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के विजन के बादौलत।









# रक्तदान अभियान में 100 रक्षा सेवा कार्मिक समूहों ने भाग लिया

**मुंबई.**

भारत का अग्रणी निजी क्षेत्र का बैंक एचडीएफसी बैंक अपनी प्रमुख सीएसआर पहल, परिवर्तन के तहत अपने राष्ट्रव्यापी रक्तदान अभियान के 16वें संस्करण का आयोजन किया। 6 को सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चला, यह अभियान भारत भर के 1100 से अधिक शहरों में मनाया गया। इस साल, एचडीएफसी बैंक को पिछले साल की तुलना में अधिक भागीदारी दिखी,और इस रक्त अभियान के तहत 6 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र करने की उम्मीद है। प्रतिभागियों में एचडीएफसी बैंक के कर्मचारी, ग्राहक, कॉर्पोरेट, रक्षा बलों के सदस्य, छात्र और सामान्य समुदाय के सदस्य शामिल हुए।

यह पहल समुदाय कल्याण के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर देती है और भारत की रक्त आपूर्ति चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एचडीएफसी बैंक के उप प्रबंध निदेशक कैजाद भरुथा ने कहा, "एचडीएफसी बैंक में, हम समुदाय द्वारा संचालित पहलों की परिवर्तनकारी शक्ति में दृढ़ता से विश्वास करते हैं। हमारे 16वें अखिल भारतीय रक्तदान अभिधान के माध्यम से, हमारा उद्देश्य नागरिकों को समाज में सार्थक योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करना है। दान किए गए रक्त की हर बूढ में जान बचाने की क्षमता होती है, और हम देने और जिम्मेदारी की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

"रक्तदान केवल उदारता का कार्य नहीं है यह जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन रेखा है। एचडीएफसी बैंक में, हमारे कर्मचारी हर साल वार्षिक रतदान अभियान आयोजित करने के लिए एक साच अभी है, जो पिछले 16 वर्षों में तेजी से बढ़ा है। उनका समर्पण एक मजबूत, स्वस्थ समुदाय के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हर बूंद मायने रखती है, और साथ मिलकर हम जान बचा सकते हैं। 2007 में अपनी शुरुआत के बाद से, रक्तदान अभियान ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, पिछले साल 2023 में केवल 88 केंद्रों और 4,385 इकाइयों से बढ़कर 7,487 से अधिक शिविरों में लगभग 6 लाख यूनिट रक्त एकत्र किया गया। पिछले वर्ष, 1,900 से अधिक कॉलेज, 700 कोपरिट और यह उल्लेखनीय वृद्धि इस पहल के जबरदस्त प्रभाव और व्यापक भागीदारी को रेखांकित करती है जिसने पिछले कुछ वर्षों में पूरे भारत में अपनी पकड़ बनाई है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन बार्षिक रक्तदान अभियान ने 2013 में सबसे बड़ा (एक दिन, कई स्थानों पर रक्तदान अभियान' आयोजित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

विदर्भ स्टॉकिस्ट प्रविण कडू : 9822472123

# 'शिंदे नाराज नहीं, महायुति में सब कुछ ठीक'

## > शिवसेना नेता राजू वाघमारे बोले

**मुंबई.**

शिवसेना नेता राजू वाघमारे ने दावा किया कि मुख्यमंत्री न बनने पर एकनाथ शिंदे नाराज नहीं है. महायुति में सब कुछ ठीक है और सभी मिलकर सरकार चलाएंगे. राजू वाघमारे ने कहा, "प्रदेश में महायुति की सरकार है, वहां पर लोगों में उत्साह था. लोगों का कहना था कि प्रदेश में 'महायुति' की सरकार आनी चाहिए और ऐसा ही हुआ. शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आए थे. कैबिनेट के सभी मिनिस्टर, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री आए थे."



महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री नहीं बनने के कारण एकनाथ शिंदे की नाराजगी की चर्चा पर राजू वाघमारे ने कहा, "पता नहीं लोग ऐसा क्यों बोल रहे हैं कि एकनाथ शिंदे नाराज चल रहे हैं. वो नाराज क्यों होंगे. उन्होंने तो प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पूरी बात साफ की. प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद का शपथ लिया.

शपथ के बाद दिए पहले भाषण में उन्होंने साफ किया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में संविधान के अनुरूप हम महाराष्ट्र में काम करेंगे. ऐसे में सब कुछ ठीक है. महाराष्ट्र में गृह मंत्रालय के विभाग को लेकर शिवसेना नेता ने कहा, "पहले भी कई बार कहा जा चुका है कि न एकनाथ शिंदे ने और न ही हमारे किसी नेता ने गृह मंत्रालय की मांग की है. सिर्फ यह कहा गया है कि जब कांग्रेस के कार्यकाल में मुख्यमंत्री कांग्रेस का था, तो उपमुख्यमंत्री को यह मंत्रालय दिया गया था. हो सकता है कि यह सवाल पूछा गया, जिस पर हमारे नेता ने कहा, अगर ऐसा होता है तो अच्छी बात है. मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर राजू वाघमारे ने कहा, "यह जल्द ही होगा. पहले विधायकों की शपथ होगी और अधिवेशन से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार होना चाहिए. विधायकों की संख्या के हिसाब से मंत्री पद का बंटवारा होना चाहिए. उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हिंसा के बाद कांग्रेस नेताओं द्वारा वहां जाने को लेकर शिवसेना नेता ने कहा, "जहां भी हिंसा होती है, वहां पर राहुल गांधी जाते हैं, तो वो लोगों को असुविधा में डाल देते हैं. वहीं, राहुल गांधी को संभल की परिस्थिति के ऊपर राजनीति नहीं करनी चाहिए.

### पूरी 'महायुति' एक साथ है

**आधिकारिक तौर पर इसको मांग नहीं की गई है. पूरी 'महायुति' एक साथ है. उन्होंने कहा, उपमुख्यमंत्री पद शिवसेना को मलिने वाला था, लेकिन शिवसेना का कौन सा नेता उपमुख्यमंत्री का पद संभालेगा, इसका फैसला एकनाथ शिंदे ही करने वाले थे. ऐसे में नाराजगी की कोई बात नहीं थी. अब सब कुछ हो चुका है, ऐसे में इन बातों का कोई फायदा नहीं है.**

# अधिकारी के नाम पर ठगी

**मुंबई.** ठाणे शहर में रहने वाले एक शख्स को साइबर ठगों ने 59 लाख रुपये का चूना लग दिया. साइबर ठगों ने पीड़ित के सामने खुद को कस्टम और सीबीआई विभाग का अधिकारी बताकर ठग लिया. ठगों ने पीड़ित को धमकी दी कि उसके खिलाफ आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने के लिए कार्रवाई की जाएगी. यह घटना 26 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच घटित हुई. 54 साल के पीड़ित के पास एक शख्स ने कॉल किया, जिसने खुद को दिल्ली का कस्टम अधिकारी बताया. उसने पीड़ित को बताया कि उसका एक पार्सल जब्त कर लिया गया है और उसमें ड्रग्स मिले हैं. कॉल करने वाले ने दावा किया कि मामले को आगे की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को भेजा जा रहा है. उसने पीड़ित को सीबीआई के साथ सहयोग करने और उनसे एक और कॉल रिसीव करने का निर्देश दिया. ठग की कॉल कट होने के बाद पीड़ित को एक और कॉल आया. इस बार दूसरे शख्स ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताया. उसने पीड़ित से कहा,'आपका नाम मानव तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग सहित गंभीर आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा पाया गया है.

# मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कोई दुविधा नहीं: फडणवीस

**मुंबई.** भले ही मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम ने शपथ ले ली हो लेकिन अभी तक मंत्रियों के नाम फाइनल नहीं हो पाए हैं। महायुति की इस दूसरी सरकार में किस गुट के कितने नेता मंत्री बनेंगे इस पर अभी भी सस्पेंस जारी है। बताया जा रहा है कि अजित पवार गुट के 10 या 11 नेताओं को कैबिनेट में जगह मिल सकती है। इसमें छगन भुजबल और धनंजय मुंडे जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। लेकिन शिंदे की शिवसेना और बीजेपी के कितने मंत्री होंगे इसपर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। मंत्रीमंडल विस्तार को लेकर देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है।



मंत्रिमंडल विस्तार के बारे में पूछने पर फडणवीस ने कहा कि नागपुर अधिवेशन से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। इस संबंध में निर्णय हो गया है। सूत्रों का कहना है कि एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में जो महायुति में बंटे थे, उनमें ज्यादा बदलाव नहीं होगा। फडणवीस मंत्रिमंडल में भी लगभग वही चेहरे होंगे, जो शिंदे मंत्रिमंडल में थे। पत्रकारों से बातचीत करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर कोई दुविधा नहीं है। तीनों घटक दल मिलकर तय कर लेंगे, इसमें कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का निमंत्रण विपक्ष के बड़े नेताओं को भी भेजा गया। शरद पवार और राज ठाकरे को उन्होंने खुल कॉल कर समारोह में आने का निवेदन किया था, परंतु किसी कारणवश वे नहीं आ पाए। फडणवीस ने कहा कि यदि किसी ने निर्धारित मापदंडों से बाहर जाकर लाडली बहन योजना का लाभ लिया होगा, तो ऐसे लोगों के बारे में पुनर्विचार किया जाएगा। क्योंकि सभी को बिना समीक्षा के एक समान लाभ नहीं दिया जाएगा। लाडली बहन योजना आगे भी जारी रहेगी, परंतु 2100 रुपये की किस्त कब से देनी है, उसका बजट में पहले प्रावधान किया जाएगा और आर्थिक स्रोत निश्चित करने के बाद उसे पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि लाडली बहना योजना जारी रहेगी। इसकी रकम 1500 से बढ़ाकर 2100 करेंगे।

### 'राजनीतिक वातावरण को पहले जैसा बनाया जाए'

विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने देवेंद्र फडणवीस को खुली चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था कि चुनाव बाद या तो फडणवीस रहेंगे या फिर मैं रहूंगा। पत्रकारों द्वारा इस बारे में सवाल पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीतिक संस्कृति दूसरे राज्यों की तरह 'खून के प्यासे' वाली नहीं है। मेरी कोशिश होगी कि महाराष्ट्र के राजनीतिक वातावरण को पहले जैसा बनाया जाए।

# 'बड़े मियां छोटे मियां' के डायरेक्टर पर धोखाधड़ी का आरोप

**मुंबई.** एक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 2024 में रिलीज होने वाली मल्टीस्टारर फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' (बीएमसीएम) के निर्माता वाशु भगनानी से संबंधित एक मामले में फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर, सह-निर्माता हिमांशु मेहरा और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश बांद्रा पुलिस को दिया है. पुलिस को भारतीय दंड संहिता की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, जालसाजी, धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी, आपराधिक मानहानि और आपराधिक धमकी के तहत मामला दर्ज करने का निर्देश दिया गया है.

भगनानी ने 3 सितंबर, 2024 को जफर, मेहरा और अन्य के खिलाफ बीएमसीएम की शूटिंग के



दौरान भगनानी के फर्जी हस्ताक्षर करके धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और करोड़ों रुपये की हेराफेरी करने की शिकायत बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की. इसके बाद भगनानी ने एफआईआर दर्ज करने के लिए मजिस्ट्रेट कोर्ट के निर्देश का दरवाजा खटखटाया.

भगनानी की शिकायत में कहा गया है कि फरवरी 2021 में उन्होंने अभिनेता अक्षय कुमार के साथ चार फिल्में साइन कीं, जिनमें एक्शन कॉमेडी फिल्म बीएमसीएम भी शामिल है, जिसके बाद उन्होंने नवंबर 2021 में जफर से संपर्क किया और उन्हें फिल्म के लिए निर्देशक और लेखक के रूप में नियुक्त किया. मेहरा उनके सह-निर्माता थे, जबकि एकेश को वित्त का प्रबंधन करना था.

फिल्म की न्यूनतम उत्पादन लागत 125 करोड़ रुपये तय की गई थी, जिसमें मुख्य अभिनेताओं को दिए जाने वाले पारिश्रमिक/फीस को छोड़कर, और इसे भगनानी द्वारा भुगतान करने पर सहमति हुई थी. हालांकि शूटिंग के दौरान लागत 154 करोड़ रुपये तक बढ़ गई, लेकिन इसके बावजूद, जफर और अन्य ने उत्पादन लागत में कटौती करने की अनदेखी की, भगनानी ने आरोप लगाया.

# छात्रों द्वारा 'शैक्षिक मार्गदर्शन अभियान'

**मुंबई.** महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर को सलाम करने के लिए देशभर से लाखों अनुयायी दादर स्थित चैत्यभूमि पहुंचे हैं। इसमें पुरुष और महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक और विशेषकर छात्र शामिल हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए वर्ली से बी. डी। डी। समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत चल (116 एवं 118) डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर शासकीय छात्रावास के विद्यार्थियों ने 'शैक्षणिक मार्गदर्शन अभियान' चलाया. गाँवों से चैत्यभूमि आये विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं एवं पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर मार्गदर्शन किया गया। देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों एवं संबंधित संस्थानों में पाठ्यक्रमों, विभिन्न छात्रवृत्तियों, फेलोशिप, स्नातकोत्तर उच्च शिक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा, विभिन्न स्थानों पर छात्रावास आदि के बारे में शैक्षणिक जानकारी छात्रों एवं उनके अभिभावकों को दी गई।




**मुंबई. संविधान निर्माता डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के 68वां महापरिनिर्वाण दिवस पर चैत्यभूमि पर राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन समेत मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार ने महामानव को श्रद्धांजलि अर्पण की.**

# अंबिवली स्टेशन पर पथराव मामले पर एक्शन

### > भीड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**मुंबई.** ठाणे जिले में अंबिवली रेलवे स्टेशन पर कथित रूप से तोड़फोड़ और पथराव करने के लिए कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुंबई के एमआईडीसी थाने की एक टीम बुधवार रात को एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने के लिए अंबिवली गई थी लेकिन 30 से अधिक लोगों की भीड़ ने उन पर पथराव कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप एक सहायक निरीक्षक और दो सिपाही घायल हो गए। अधिकारी ने बताया कि ठीक उसी समय इलाके से आई भीड़ अंबिवली स्टेशन में घुस गई और लोग रेल पटरियों पर बैठ गये। उन्होंने बताया कि इतना ही नहीं भीड़ ने स्टेशन मास्टर के कार्यालय और टिकट खिड़कियों पर पथराव भी किया।

कल्याण रेलवे थाने के वरिष्ठ निरीक्षक पंधारी कंधे ने बताया, "हमने अंबिवली स्टेशन पर भीड़ की हिंसा के संबंध में भारतीय न्याय संहिता, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम और रेलवे अधिनियम के तहत एक अलग प्राथमिकी दर्ज की है। हमने भीड़ पर अन्य अपराधों के अलावा गैरकानूनी रूप से एकत्र होने, दंगा करने, दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप लगाए हैं।

इससे पहले लापरवाही से वाहन चलाने तथा सुरक्षा उपायों की अनदेखी करने की वजह से बुधवार आधी रात के आसपास नागपुर के नरेंद्र नगर फ्लाईओवर पर एक भयानक दुर्घटना हो गई। इस हादसे में दो युवकों, आदर्श समर्थ (24) और आदित्य मेश्राम (18) की जान चली गई। बिना हेलमेट के बाइक चला रहे दोनों युवक, गाड़ी के नियंत्रण खोने के बाद सड़क पर लगभग 50 मीटर तक फिसलते रहे, जिससे बाइक डिवाइडर से जा टकराई। यह घटना ऐसे वक्त पर हुई जब नागपुर यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# हाईकोर्ट ने बढ़ते ब्याज के बोझ पर चिंता जताई

**मुंबई.** उच्च न्यायालय ने हाल ही में आयकर रिटर्न की प्रक्रिया में देरी के कारण सरकारी खजाने पर बढ़ते ब्याज के बोझ पर चिंता व्यक्त की। साथ ही टैक्स विभाग को रिफंड में देरी के लिए अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है. एक बार जब करदाता रिफंड का हकदार हो जाता है और उस संबंध में राजस्व उद्देश्यों के लिए करदाता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, तो निर्धारिती को कर राशि का रिफंड शीघ्रता से दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति गिरीश कुलकर्णी और न्यायमूर्ति अद्वैत सेठना की पीठ ने भी उपरोक्त चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि इस नियम को लागू किया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि आयकर रिटर्न के प्रसंस्करण में देरी मुख्य रूप से कर अधिकारियों की लापरवाही या ढिलाई के कारण होती है, लेकिन इससे सरकारी खजाने पर पर्याप्त ब्याज भुगतान का बोझ पड़ता है। प्राइवेट लिमिटेड ने मूल्यांकन वर्ष 2013-14 और 2016-17 के लिए 77.64 करोड़ रुपये का रिफंड मिलने में देरी को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

# संदिग्ध हालत में पड़ा मिला युवक का शव

**जलगांव :**
अमलनेर तहसील के मंगरूल एमआईडीसी इलाके में शुक्रवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने यहां संदिग्ध हालत में एक युवक का शव पड़ा देखा। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद अमलनेर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक विकास देवरे और उनकी टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से शव बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर अमलनेर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। मृतक युवक की पहचान तुषार चिंधू चौधरी के तौर पर की है जो अमलनेर शहर का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मृतक तुषार चौधरी अमलनेर शहर के प्रताप मील इलाके का रहने वाला था। वह बीते गुरुवार 5 दिसंबर की रात 10 बजे से घर से बाहर था और तब से घर नहीं लौटा था। इसी बीच शुक्रवार 6 दिसंबर को सुबह 8 बजे अमलनेर तालुका के मंगरुल के एमआईडीसी



परिसर में तुषार का शव मिला। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं। चोटों के निशान से उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को घटनास्थल पर शव के पास शराब की बोतलें भी पड़ी मिलीं। इससे आशंका जताई जा रही है कि युवक के साथ वारदात के समय अन्य लोग भी मौजूद थे और हत्या से पहले उन्होंने शराब की पार्टी की। पुलिस ने ऐसा अंदेशा जताया कि है कि शराब के नशे में उन लोगों में आपसी विवाद और मारपीट हुई होगी और इसी विवाद में तुषार जख्मी हो गया होगा। पुलिस की शक है कि मस्तिक पर गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या के वास्तविक कारणों का खुलासा करने की बात कही है। घटना को लेकर युवक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंप दिया जाएगा। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश भी कर रही है।

# पुणे में घर खरीदना हुआ और भी मुश्किल

## > एक साल में 28 फीसदी बढ़ी कीमतें

**पुणे:** पुणे समेत प्रमुख भारतीय शहरों में घरों की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पुणे में वित्तीय वर्ष 2024 की पहली छमाही में 28 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस तीव्र वृद्धि के कारण पुणे, नई दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में संपत्ति की बिक्री में लगातार गिरावट आई है। रियल एस्टेट कंसल्टेंसी एनरॉक द्वारा प्रकाशित एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में संपत्ति की बिक्री की तुलना में कुल यूनिट बिक्री में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।

रिपोर्ट में शीर्ष 7 शहरों- मुंबई महानगर क्षेत्र, दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता के रियल एस्टेट रुझानों पर प्रकाश डाला गया है। दिल्ली-एनसीआर में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई, जहां औसत घर की कीमतें 93 लाख रुपये से बढ़कर 1.45 करोड़ रुपये हो गई हैं, जबकि कोलकाता में सबसे धीमी वृद्धि दर्ज की गई, जो वित्त वर्ष 2024 की पहली छमाही से वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही के बीच 53 लाख रुपये से बढ़कर 61 लाख रुपये हो गई।

कीमतों में भारी वृद्धि ने पुणे शहर के कई निवासियों को किफायती आवास की तलाश में बाहरी इलाकों में जाने के लिए मजबूर कर दिया है। शहर में घरों की औसत कीमत 66 लाख रुपये से बढ़कर 85 लाख रुपये हो गई है, जिससे कई व्यक्तियों और परिवारों की पहले से ही कमजोर आर्थिक स्थिति और भी खराब हो गई है। लोगों का मानना है कि मगरपट्टा, खराडी, कल्याणी नगर और हिंजवडी जैसे क्षेत्रों में आईटी कंपनी के कारण घरों की कीमतें बढ़ रही है।

स्मार्ट सिटी विकास योजना के तहत, पुणे मनपा ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें सड़क परियोजनाएं और रिवरफ्रंट विकास शामिल हैं। महाराष्ट्र आवास एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण के एक प्रभाग पुणे आवास एवं क्षेत्र विकास बोर्ड ने भी शहर भर में 6,294 घरों की बिक्री की घोषणा की है। घरों की कीमतें 10 लाख रुपये से लेकर 1 करोड़ रुपये तक हैं और 2,340 घरों को पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत बुक किया जा सकता है, जबकि 418 फ्लैट प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आते हैं।



### जनसंख्या में हो रही तेजी से वृद्धि

पुणे में जनसंख्या में भी तेज़ी से वृद्धि देखी गई है। पिछले साल ही यहां लगभग 2,00,000 निवासियों की वृद्धि हुई है। प्रवास और शहरी विस्तार ने रियल एस्टेट क्षेत्र में भारी मांग को जन्म दिया है, जिससे बाजार की कीमतें बढ़ गई हैं। पुणे में घरों की कीमतों में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी वाले इलाकों में हिंजवड़ी, तालेगांव दाभाड़े, उंड्री, वाकड और वाघोली शामिल हैं। यहां लोगों को पसंद आने वाले वैकल्पिक इलाकों में हालुंगे, पिरंगुट, बावधान, मुल्शी और चाकण जैसे इलाके शामिल हैं।

## आज का राशिफल

मेष -आज का दिन रोजगार की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, उन्हें किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप किसी काम को लेकर पूरी मेहनत दिखाएंगे.

मिथुन -आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं को गति मिलेगी।

कर्क- आज का दिन आपके लिए पारिवारिक समस्याओं पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आज आपकी मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी आपसे परेशान रहेंगे।

कन्या -आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों भरा रहने वाला है। बिजनेस में आपका कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।

तुला- आज का दिन आपके लिए सेहत के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने के लिए मेहनत अधिक रहेगी।

धनु-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी काम को लेकर कार्य क्षेत्र में दूसरों पर डिपेंड नहीं रहना है।

मकर-आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह में आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

कुंभ -आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने के लिए रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर भी आपका थोड़ी टेशन रहेगी।


**PUBLIC NOTICE**

**Pro. No. 18649 Date 28.11.24**
**IN THE COURT OF 15th Jt. CIVIL JUDGE SR. DN., NAGPUR. (M.S.) Room No. 119**
**Succession Case No. 311/2024 Fixed For 15/01/2025**

**Applicants : Yashwant Nandkumar @ Nandlal Wagh, 2) Yatin Nandkumar @ Nandlal Wagh, 3) Sachin Nandkumar @ Nandlal Wagh,** All R/o Plot no. 222-A Old Post Office Road, Gokulpeth, Nagpur 440010

**-Versus- Non Applicants: Nil**

**Name of Deceased: 1) Late Nandkumar @ Nandlal Sitaram Wagh, Died On: 23/06/2023, 2) Late Usha Nand Kumar@ Nand Lal Wagh, Died On: 01/03/2023,** Both R/o R/o Plot No. 222-A Old Post Office Road, Gokulpeth, Nagpur 440010.

Whereas **1) Late Nandkumar @ Nandlal Sitaram Wagh, Died On: 23/06/2023, 2) Late Usha Nand Kumar@ Nand Lal Wagh, Died On: 01/03/2023,** Both R/o R/o Plot No. 222-A Old Post Office Road, Gokulpeth, Nagpur 440010. Died at Nagpur and Whereas **Yashwant Nandkumar @ Nandlal Wagh & Other** has presented an application to this court for grant of Succession Certificate U/s. 372 of Indian Succession Act, **In respect of the Total Amount Rs. 6,03,497/-** in the name of the deceased & left by the deceased.

This is to give Public Notice to all persons who may dispute the right of the said Applicant **Yashwant Nandkumar @ Nandlal Wagh & Other** as successor, of the deceased, to appear in the Court of **15th Jt Civil Judge Sr. Dn., Nagpur** on **15th day of Jan., 2025** at 10.30 a.m. There to enter their objections and it is here by declared that if no sufficient objections is offered on or before the date mentioned above, the Court will forthwith proceed to receive proof of the said Applicants right and to grant them, provided they shall appear entitled thereto a Certificate on succession of the said deceased.

Given under my hand and the seal of the court, this day of **28th day of Nov. 2024.**

Seal — **By order of the Court Asstt. Supdt. (T.W.) Court of Civil Judge Sr.Dn. Nagpur.**

Prasanna Publicity 09326927622

**महाराष्ट्र शासन**
**महसुल व वन विभाग**
**तहसिलदार, नागपूर (ग्रामीण) यांचे कार्यालय, नागपूर**
(वसंतराव देशपांडे सभागृहाचे बाजूला, आमदार निवास जवळ, सिव्हील लाईन्स, नागपूर)
Email ID- tahsilofficerural@gmail.com Phone No. 0712-2564577
**क्र./म.सहा/तह.नाग.(ग्रा)/कावि- ३३३/२०२४**
**दिनांक ०२/१२/२०२४**

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/ जन्म- मृत्यू आदेश/ कावि ५३५/२०२३.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **मनोहर गुलाब मसराम,** रा. बोरखेडी रेल्वे, तह. नागपूर ग्रा. जि. नागपूर यांनी त्यांचे जन्माची नोंद गट ग्रामपंचायत, बोरखेडी रेल्वे दप्तरी घेणेकरिता निर्देशित करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू अर्जदार **मनोहर गुलाब मसराम** यांचा जन्म दिनांक ०४/५/१९६८ रोजी राहत्या घरी झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदरहू अर्जदार यांना त्यांचे **जन्म** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी नायब तहसिलदार नागपुर (ग्रामीण) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **जन्म** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता व गृहचौकशी करणेकामी कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह नायब तहसिलदार, नागपूर (ग्रामीण) यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाचे आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **जन्म** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **जन्म** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — **नायब तहसिलदार, नागपूर (ग्रामीण)**

Prasanna Publicity 09326927622

**कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार,**
**उपविभागीय कार्यालय नागपूर शहर यांचे कार्यालय, नागपूर शहर**
Email : sdonagpur@gmail.com Phone No. 0712-2560048
**क्र. अका/प्रस्तुत/उविदं/नागश/कावि. ९४२/२०२४**
**दिनांक ०४/१२/२०२४**

**वाचा : १)** जन्म मृत्यू नोंदणी अधिनियम- १९६९ चे कलम १३, **२)** जन्म मृत्यु नोंदणी (सुधारणा) कायदा २०२३ चा २०, **३)** भारत सरकार विधी व न्याय विभाग यांचेकडील दिनांक ११/०८/२०२३ रोजीचे राजपत्र, **४)** मा. जिल्हा दंडाधिकारी नागपूर यांचे कडील आदेश क्रमांक अका/डी-१/जन्म-मृत्यु आदेश/कावि ५३५/२०२३, **५) योगेन्द्र मोहन देवदत्त डिडी,** वय **७९** वर्ष यांचा अर्ज दिनांक ०४/१०/२०२४.

**जाहीरनामा**

ज्याअर्थी अर्जदार **योगेन्द्र मोहन देवदत्त डिडी,** वय ७९ वर्ष, रा. गोंडवाना चौक, बैयरामजी टाउन, नागपूर यांनी वडिलांच्या मृत्यूची नोंद **महानगर पालिका** दप्तरी घेणेकरीता निर्देशीत करणेकामी अर्ज दाखल केला आहे.

सदर्हू अर्जदार यांचे वडिल नामे **देवदत्त लबूराम डिडी** याचा **मृत्यू दिनांक १३/१०/१९७९** रोजी **इंदिरा गांधी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय नागपूर** येथे झाला असा अर्जदाराचा दावा आहे. त्याचप्रमाणे सदर्हू अर्जदार यांना त्यांचे **मृत्यू** प्रमाणपत्र शासकीय तथा खाजगी कामाकरीता आवश्यक असल्याने त्यांची नोंद घेणे कामी आदेश होणे आवश्यक असल्याबाबत त्यांनी अर्जात नमूद केले आहे.

त्याअर्थी मी कार्यकारी दंडाधिकारी, तथा नायाब तहसिलदार नागपूर (शहर) उपरोक्त वाचा क्रं. १ आणि २ नुसार व ३ मध्ये नमूद केल्याप्रमाणे मला प्राप्त अधिकारान्वये असे कळविण्यात येते कि, सदर व्यक्तीचा **मृत्यू** बाबत नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेकरीता कार्यवाही प्रस्तावित आहे. याबाबत कोणास काही सांगावयाचे किंवा काही आक्षेप असल्यास त्यांनी योग्य ते पुरावे किंवा साक्षीदारांसह उपविभागीय दंडाधिकारी, नागपुर शहर यांचे न्यायालयात स्वत: जातीने/ वकीलामार्फत अथवा अन्य मार्गाने या जाहीरनाम्याच्या दिनांकापासून **पंधरा दिवसाच्या आत** सादर करावे. उक्त मुदतीत कुठलाही आक्षेप/ उजर/ विपरित पुरावा प्राप्त न झाल्यास **मृत्यू** बाबतची नोंद घेणेकामीचा आदेश देणेबाबत कोणालाही काही सांगावयाचे नाही गृहित धरून प्रस्तावित **मृत्यू** नोंदीबाबतचा आदेश निर्गमित करण्यात येईल.

शिक्का — **कार्यकारी दंडाधिकारी तथा नायब तहसिलदार.**

Prasanna Publicity 09326927622

**कार्यालय नगरपंचायत कोंढाळी**
**जिल्हा नागपूर**

**निविदा सुचना**

कोंढाळी नगरपंचायतीला नगरपंचायत निधी अंतर्गत काम कमांक 1 करीता सार्वजनिक बांधकाम विभागात पंजीबध्द कंत्राटदाराकडुन बी-1 निविदा मागवीने आहे तथा काम कमांक 2 करीता मोटार पंप दुरूस्ती दुकानदाराकडुन निविदा मागवीने आहे या कामाच्या कोरी निविदा दिनांक 12/12/2024 ला कार्यालयीन वेळेत प्राप्त करून घेता येईल सिलबंद निविदा दिनांक 13/12/2024 ला दुपारी 2.00 वाजेपर्यंत स्विकारण्यात येईल

| अ. क्र. | कामाचे नाव | अंदाजपत्रकीय किंमत | अनामत रक्कम 1 टक्का | कोरी निविदा मिळण्याची तारीख व वेळ | कोरी निविदा व प्रपत्र किंमत रुपये |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपंचाय निधी अंतर्गत विकास नगर येथील श्री सोमकुवर यांचे घरापासुन ते श्री खेडकर यांचे घरापर्यत 300 मि.मि. व्यासाची आर.सी.सी. भुमीगत नाली बांधकाम करणे. | 2,12,000/- | 2120/- | 12/12/2024 | 500/- |
| 2 | रिधोरा जाम प्रकल्पावरील 60 अश्वशक्तीची मोटार नग 1 जुने तार परत न कराता रिवायींडींग करणे. | ----- | 1000/- | 12/12/2024 | 500/- |

1. निविदा दिनांक 14/12/2024 ला दुपारी 4.00 वाजता उघडण्यात येईल प्रशासकीय कारणास्तव शक्य न झाल्यास नंतरचे दिवशी कार्यालयीन वेळेत निविदा उघडण्यात येईल.
2. कोणतीही एक किंवा सर्वच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार निम्मनहेस्ताक्षरकर्ता यांनी राखुन ठेवलेला आहे.
3. निविदा दोन लिफाफा पध्दीने सादर करण्यात याव्या पहील्या लीफाफ्यामध्ये कंत्राटदाराचे अनामत रक्कम रोख भरल्याची पावती तांत्रीक कागदपत्रे संलग्न करणे आवश्यक राहील व दुस-या लीफाफ्यामध्ये सिलबंद निविदा सादर करण्यात यावी.
4. इतर अटी व शर्ती. बांधकाम विभागात कार्यालयीन वेळेत पहावयास मिळेल.

स्वा/-
प्रशासक
नगरपंचायत कोंढाळी

## सुविचार

समय, शक्ति और पैसा, कभी भी एक साथ नहीं आते!

## संपादकीय

# विवाह करते समय संतानों के लिए भी संकल्प लीजिए

सोलह संस्कारों में से एक है विवाह, लेकिन अब विवाहोत्सव चौथी बड़ी इंडस्ट्री बन गया है, संस्कार उद्योग में बदल गया है। चूंकि जब दृष्टिकोण व्यावसायिक होता है तो मूल उद्देश्य खो जाता है। व्यवसाय का झुकाव भोग-विलास, सुख-सुविधा, साधन-संपन्नता इसी में होता है। इसलिए विवाह के पीछे जो संस्कार था, वो धीरे-धीरे लोग भूलते जा रहे हैं। आज श्रीराम महोत्सव खूब धूमधाम से मनाया जा रहा है, तो क्यों न संस्कार को याद किया जाए। सात वचन अपनी जगह हैं, लेकिन इस समय विवाह का सबसे अच्छा परिणाम होना चाहिए, श्रेष्ठ संतानों का जन्म होना। संतानों के जीवन में भी शांति उतरना। माता-पिता बच्चों को जन्म तो दे देते हैं। उनके जीवन में भौतिक सफलता भी देते हैं। लेकिन जो अशांति आती है, उसके लिए प्रयास नहीं करते हैं। इस महोत्सव के दिन विचार करें, स्थिर माता-पिता बनें। ये एक बड़ा उद्देश्य होना चाहिए। अस्थिर माता-पिता के बच्चे सदैव अशांत पाए जाएंगे। कृपा करके विवाह करते समय आने वाली संतानों के लिए भी संकल्प लीजिए।

# क्या बांग्लादेश से हमारे रिश्ते अब टूटने की कगार पर हैं ?



पल्की शर्मा



जब बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट हुआ तो इसे भारत के लिए झटका बताया गया था। लेकिन अब उसके चार महीने बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध टूटने की कगार पर हैं। राजनयिक मिशनों को निशाना बनाया जा रहा है, राजनयिकों को तलब किया जा रहा है, राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जा रहा है, हिंदू उपासकों पर कार्रवाई की जा रही है और भारत से व्यापार में रोकटोक या उसके बहिष्कार की बात की रही है।


यह सब कैसे हुआ? इसका उत्तर है- मोहम्मद यूनुस और उनकी राजनीति। वे चुने गए नेता नहीं हैं और कार्यवाहक के रूप में कमान संभाले हुए हैं। उनका काम व्यवस्था बहाल करना और चुनाव कराना था। लेकिन वे सुधारों की बात कर रहे हैं, जिसके लिए उनके पास कोई लोकप्रिय जनादेश नहीं है। वे वर्तमान अराजकता को ठीक करने के बजाय अतीत की कथित गलतियों से ग्रस्त हैं। यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश के संस्थापकों की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं और इस प्रक्रिया में वे हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनकी अंतरिम सरकार को चुनाव कराने में चार साल तक का समय लग सकता है। इस बीच, सड़कों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं- खालिदा जिया की बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी। कभी वे सहयोगी हुआ करते थे, लेकिन अब सत्ता के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार है और उसकी राजनीति चरमपंथी है, लेकिन चीन को परवाह नहीं। बीएनपी उसकी पुरानी दोस्त है। जब बीएनपी ने बांग्लादेश पर शासन किया, चीन को फायदा हुआ। उन्हें सैन्य सौदे और निवेश के अवसर मिले, और ढाका ने भारत को दूर रखा। भारत ने भी बीएनपी से संपर्क किया है, लेकिन जमात से बात करना मुश्किल होगा। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन है।

नई दिल्ली के पास सीमित विकल्प हैं और वे बहुत आशाजनक नहीं हैं। दूसरी तरफ, यूनुस का रवैया स्थिति को बद से बदतर कर रहा है। समस्या को स्वीकार करने के बजाय वे भारतीय मीडिया को दोषी ठहरा रहे हैं। बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में भारतीय समाचार चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है और कहा गया है कि उनका कवरेज भड़काऊ है। बुधवार को यूनुस ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें शेख हसीना की अवामी लीग को छोड़कर सभी दल थे। उन्होंने 'बांग्लादेश पर सांस्कृतिक आधिपत्य स्थापित करने के भारत के प्रयासों और उसके आर्थिक उत्पीड़न की निंदा की।' साथ ही, 'बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के भारत के प्रयासों' की भी निंदा की। ये बहुत कठोर और बेबुनियाद आरोप हैं। वे किस हस्तक्षेप की बात कर रहे हैं? भारत ने अंतरिम सरकार के गठन की कभी आलोचना नहीं की, भले ही वह असंवैधानिक था। न ही भारत ने शेख हसीना और उनके सहयोगियों पर कानूनी हमलों पर सवाल उठाया। भारत ने केवल तभी टिप्पणी की, जब हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमला हुआ। समस्या यह है कि अंतरिम सरकार अपनी स्थिति को लेकर असुरक्षित है। इसलिए उसे भारतीय हस्तक्षेप का डर सता रहा है। यूनुस के मंत्रियों का कहना है कि भारत को अगस्त में हुए बदलाव को स्वीकार करना चाहिए। यह अजीब है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से यूनुस को बधाई दी थी। भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति का सम्मान करता रहा है। लेकिन बांग्लादेश की तरफ से ऐसा सम्मान हमारे लिए नहीं दिखा, इसलिए भारतीय जनमत बदल गया। जब हिंदुओं पर भीड़ द्वारा हमला किया गया, मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और भारतीय ध्वज का अपमान किया गया, तभी भारत मुखर हुआ। चार महीने चुप रहने के बाद अब हसीना भी बोल रही हैं।

## धर्म

# हेलिकॉप्टर से संतों पर होगी पुष्प वर्षा

### प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियां जोरों पर



प्रयागराज के संगम तट पर जनवरी 2025 में आयोजित होने वाला महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला माना जाता है. योगी सरकार महाकुंभ 2025 को अभूतपूर्व और यादगार बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है. इस बार के महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता और सभी आवश्यक सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि यह धार्मिक आयोजन हर किसी के लिए एक शानदार और सुरक्षित अनुभव साबित हो सके. हाल ही में सरकार ने इसे प्रदेश का 76वां जिला घोषित किया है, जिसे "महाकुंभ मेला जनपद" के नाम से जाना जाएगा. महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता को और भी बढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं पर आकाश से पुष्प वर्षा किए जाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है. योगी सरकार इससे पहले भी कई बार कुम्भ और माघ मेला जैसे बड़े बड़े धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर चुकी है, और सरकार की योजना है कि महाकुंभ 2025 में भी यह परंपरा जारी रखनी जाए. प्रयागराज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कई धार्मिक आयोजनों के दौरान हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं, साधु-संतों और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की जाती रही है. महाकुंभ 2025 के दौरान भी इस परंपरा को जारी रखा जाएगा. इस बार संगम नोज के साथ-साथ अन्य प्रमुख घाटों पर भी पुष्प वर्षा की योजना बनाई जा रही है, क्योंकि महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक होगी. जल्द ही इस पर कार्ययोजना तैयार की जाएगी, ताकि सभी घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए यह अनुभव यादगार बन सके. योगी सरकार के तहत उत्तर प्रदेश में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा अब सनातन संस्कृति और आस्था को नमन करने का प्रतीक बन चुकी है. चाहे वह कुम्भ का पवित्र स्नान पर्व हो, माघ मेला हो या कांवड़ यात्रा, हर अवसर पर पुष्प वर्षा के माध्यम से आस्था का सम्मान किया जाता है. योगी आदित्यनाथ खुद कई बार हेलिकॉप्टर और मंचों से श्रद्धालुओं और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा करके सनातन संस्कृति की महिमा बढ़ाते रहे हैं. 2021 के कुम्भ में भी मौनी अमावस्या के दिन संगम तट पर आस्था की डुबकी लगाने आए करोड़ों श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई थी. तब सोशल मीडिया पर #UPMePhoolVarsha हैशटैग भी काफी ट्रेंड हुआ था. महाकुंभ 2025 में इस परंपरा को और भी बड़े पैमाने पर आयोजित किए जाने की संभावना है, ताकि यह आयोजन और भी भव्य और यादगार बन सके.

# मासिक दुर्गाष्टमी के दिन व्रत में क्या खाएं और क्या नहीं



हिन्दू धर्म में मासिक दुर्गाष्टमी का पर्व हर महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए इस दिन कुछ महिलाएं उपवास भी रखती हैं और विधि-वाधिन से देवी दुर्गा की पूजा करती हैं. मान्यता है कि इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से विशेष कृपा प्राप्त होती है. इस दिन देवी दुर्गा की पूजा करने से लोगों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है. देवी दुर्गा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैं. इसलिए इस दिन उनकी पूजा करने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और भक्तों को शक्ति और साहस मिलता है.

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि 08 दिसंबर दिन रविवार को सुबह 09 बजकर 44 मिनट पर शुरू होगी और 09 दिसंबर दिन सोमवार को सुबह 08 बजकर 02 मिनट पर समाप्त होगी. मासिक दुर्गाष्टमी पर निशाकाल में जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा की जाती है. इसलिए 08 दिसंबर को मासिक दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया जाएगा. मासिक दुर्गाष्टमी के दिन व्रत रखना बहुत शुभ माना जाता है. इस व्रत में उपवास के दौरान क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खाना चाहिए. इस बात का विशेष ध्यान रखना होता है, क्योंकि छोटी सी गलती के कारण आपका व्रत टूट सकता है और आपकी मनोकामना अधूरी रह जाएगी.

अगर महिलाएं मासिक दुर्गाष्टमी का व्रत पूरा करना चाहती हैं तो सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें. इसके बाद माता दुर्गा की पूजा करें और उन्हें फल, फूल और मिठाई चढ़ाएं और दिन भर उपवास रखें और केवल निर्धारित चीजें ही खाएं. इसके अलावा शाम के समय माता दुर्गा की आरती करें और फिर प्रसाद ग्रहण करें. व्रत के दौरान मन को शांत रखें और धार्मिक ग्रंथों का पाठ करें. किसी की बुराई न करें और हमेशा सकारात्मक सोच रखें. व्रत के दौरान किसी गरीब या जरूरतमंद को भोजन दान अवश्य करें. इससे माता दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है और जीवन में सुख-शांति आती है.

## संस्मरण

सलीम अली

# पर्यावरणविदों की असली जीवन कहानियां

सलीम अली को अक्सर 'बर्ड मैन आफ इंडिया' के लोकप्रिय नाम से जाना जाता है। वो भारत के सबसे जाने-माने पक्षी-विज्ञानी थे। उनका जन्म मुंबई में 1896 में हुआ। उनकी चिड़ियों और पक्षी-निरीक्षण में रुचि तब शुरू हुयी जब वे केवल आठ साल के थे। सलीम अली में, पक्षियों के अथाह ज्ञान के साथ-साथ, उनके बारे में सहजता से लिखने का भी एक विशेष गुण था। उन्होंने बहुत सारी पुस्तकें लिखीं जिसमें एक, द बुक आफ इंडियनबर्डस भी है। यह पुस्तक, पक्षी-निरीक्षकों के लिए निहायत जरूरी और एकदम अनिवार्य समझी जाती है। सलीम अली ने अपनी आत्मकथा द फाल आफ ए स्पैरो जब लिखी, तब उनकी उम्र 87 साल की थी। 91 वर्ष की आयु में उनका देहांत हो गया। सलीम अली के अपने शब्दों में, "जब मुझे पक्षी-निरीक्षण का रोग लगा तब यह बीमारी भारतीयों से लगभग अछूती थी। उस समय पर्यावरण संरक्षण जैसे शब्द भी कभी-कभार ही सुनने को मिलते थे।" माता-पिता के देहांत के समय सलीम अली की उम्र बहुत कम थी। उनका लालन-पालन बड़े प्यार भरे माहौल में हुआ। उनके संयुक्त परिवार में बहुत से चाचा-ताऊ, भाई-बहन तथा अन्य रिश्तेदार और मित्र भी थे। उनका घर खेतवाड़ी में स्थित था, जो आजकल मुंबई में, चर्नी रोड का एक भीड़ वाला इलाका है। परिवार के किसी भी सदस्य की पक्षियों में रुचि नहीं थी - पक्षियों में अगर परिवार की कोई रुचि थी तो वो थी उन्हें खाने में! चाचा-ताऊ के बच्चों को अगर किसी चीज में सबसे ज्यादा मजा आता था तो वो था आसपास के देहात में छोटे पक्षियों को ऍअर-गन से मारने में। वो संरक्षण का जमाना नहीं था, हमें यह बात नहीं भूलना चाहिये। उस समय शिकार करना एक 'मर्दाना' खेल समझा जाता था।

नौ साल की उम्र में सलीम अली के चाचा ने उन्हें एक ऍअर-गन भेंट की। बंदूक, सलीम अली का सबसे बेशकीमती खजाना थी। वो हर किसी को अपनी नयी बंदूक दिखाते। धीरे-धीरे वो बंदूक चलाने में उस्ताद हो गये। बच्चे अपनी अचूक निशानेबाजी की शान जताने के लिए अक्सर घर के अंदर की गौरैयों को भी अपनी बंदूक का निशाना बनात। एक बार जब घर में इस प्रकार का शिकार चल रहा था तो सलीम अली ने एक मादा गौरैया को ध्यान से देखा और उसके बारे में कुछ जानकारियां दर्ज करीं। इस गौरैया ने उनकी अस्तबल के एक झरोखे में अपना घोंसला बनाया था। उन्होंने गौरैया के बारे में यह जानकारी लिखी थी: "1906/7 नर गौरैया घोसले के छेद के बाहर सींखचे पर बैठा जबकि मादा अंदर अंडों पर बैठी रही। मैंने उनपर घोड़ा-गाड़ी के पीछे से आक्रमण किया और नर को गोली से मार दिया। कुछ ही समय के बाद उस मादा को एक और नर मिल गया जो भी बाहर सींखचे पर बैठा 'रखवाली' करने लगा। मैंने इस नर को भी मार दिया। परंतु इसके कुछ ही देर बाद उस मादा की रखवाली करने के लिए एक अन्य नर आ गया। अगले सात दिनों में मैंने सींखचे पर बैठी आठ नर गौरैयों को मारा। हर बार मादा के पास कोई नया नर आ जाता जैसे कि वो बस उसके पति के मरने का इंतजार कर रहा हो।" उस समय सलीम ने जो कुछ भी लिखा वो एक शिकारी की हैसियत से लिखा, न कि एक पक्षी-निरीक्षक की हैसियत से। परंतु इस नौ वर्ष के बालक की अवलोकन शक्ति इतनी प्रखर थी कि साठ साल बाद, इसी विवरण को न्यूज लेटर फार बर्ड वाचर्स नाम की पत्रिका में लगभग उसके मूलरूप में ही प्रकाशित किया। गर्मियों की छुट्टियों में उनका पूरा परिवार घर बदल कर चेंबूर में आया जो आज मुंबई का एक बहुत व्यस्त इलाका है। परंतु उन दिनों वहां पश्चिमी घाट की पहाड़ियों पर काफी घने जंगल थे। वहां तमाम किस्म के पेड़-पौधे और प्राणी थे. विशेषकर वहां बहुत सारी चिड़िए थीं। गर्मियों की छुट्टियों में सुबह बिस्तर में लेटे-लेटे सलीम अली को दईया (मैगपाई राबिन) का गाना बेहद पसंद आता था।

## आलेख

डॉ.सुरेश मिश्रा

# जीवन जीने का नाम है

पिछले तीन महीने से मेरा फोन मेरे लिए फोन कम अटम बम ज्यादा बन गया था। मन में यही डर घर कर गया था कि कब बुरा समाचार सुनने को मिल जाए। फोन की हर घंटी पिताजी के दुखद समाचार की आवाज सी लगती थी। जब से उनका ऑपरेशन हुआ चारपाई उनकी जीवनसंगिनी बन गयी थी। कभी उठने का नाम न लेते थे। दर्द के मारे निकलने वाली सिसकियों ने माँ, मुझे और मेरे भांजे (रिश्ते में तो भांजा लगता है लेकिन है मेरा सगा भाई) को भीतर से हिला कर रख दिया था। वे अक्सर कहा करते थे कि हम उनकी परछाई हैं, वे हमारी सांसों में समाए हैं, हमारे बिना न उनका कल था न आज है और न कल रहेगा। जीवन खुशी-खुशी जीने का नाम है न कि झेलने का। जब जीवन बोझ लगे तो उसे अलविदा कहने में भलाई है। पिताजी हमसे बहुत प्रेम करते थे। काम से लौटते समय वे हरदिन हमारे लिए तरह-तरह की खाने, खेलने और जरूरतों की चीज़ें लाया करते थे। हम भी अपने उनसे बहुत लगाव रखते थे। दुख इसी बात का था कि उन्होंने हमारे लिए आर्थिक रूप से कुछ छोड़ा नहीं। अपने अंधेपन में जो कुछ था सब अपने भाइयों और उनके बच्चों में लुटा दिया। दूसरे शब्दों में कहें तो मेरे चाचा और भाइयों ने हड़प लिया। जब भी इसके बारे में घर में बहस हुआ करती तो वे कहते जो तुम्हारे भाग्य में नहीं उसके लिए पछताने से क्या फायदा। खुद मेहनत करो और अपना भाग्य बनाओ। चारपाई पर लेटे-लेटे हर साँस को अंतिम क्षण की तरह जी रहे थे। अचानक एक दिन पिताजी की तबियत ज्यादा बिगड़ गयी। अंतिम क्षणों में हमारे हाथों छांछ, पानी और गंगा जल पीकर जीवन को अलविदा कह दिया। पिताजी के भोगे दर्द भरे पल अक्सर कह रहे थे कि मौत को तो यूँ ही बदनाम करते हैं लोग, तकलीफ तो साली ज़िन्दगी देती है!! परिवार पर तो मानो पहाड़ ही टूट पड़ा और हमारी हालत तो मृत पर्याय बन गयी।

पिताजी के जाने के बाद हम बोलते कम रोते ज्यादा थे। माँ का तो हाल और बुरा था। उन्होंने सारा जीवन पिताजी की सेवा में लगा दी। अपनी परवाह कभी नहीं करती थी। दो बदन एक जान की तरह जीने की कला कोई उनसे ही सीखे। लेकिन यूँ तो दुनिया के सारे दुख सहने की क्षमता हममें थी, पर उनके जाने का दुख हमारी आँसुओं का सैलाब बन चुका था। मुझे खुशी उनके कंधे पर चढ़ने की थी। समय के दुर्भाग्य ने पिता को मेरे कंधे पर चढ़ाकर मुझे जीते जी मार दिया। कभी उनकी डाँट से मुझे डर लगता था। आज उनका सन्नाटा मुझे काट खाने के लिए दौड़ता है। हर बात में पिताजी यादें बरबस दखल करती थीं। आस-पड़ोस के लोगों और नाते-रिश्तेदारों ने हमें समझाने की बहुत कोशिश की पर हम पर किसी का असर नहीं पड़ा।

# घर में करें ये बदलाव

हिंदू धर्म में वास्तु शास्त्र का विशेष महत्व माना जाता है. घर के अंदर रखी हर एक चीज को वास्तु नियमों के द्वारा रखना अनिवार्य होता है. घर में वास्तु नियमों का पालन न करने पर आर्थिक तंगी और सेहत संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. अक्सर लोग अपने घर को वास्तु को ध्यान में रखकर तो बनवा लेते हैं, लेकिन घर की चीजों को वास्तु के मुताबिक नहीं रखते, जिससे व्यक्ति को जीवन में बहुत सी परेशानियों का करना पड़ता है. अगर आप भी चाहते हैं कि आने वाले नए साल में आपके घर में धन की देवी लक्ष्मी जी का वास हो और आपको आर्थिक लाभ मिले, तो आपको अपने घर में कुछ बदलाव करने चाहिए. वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप अपने घर में कुछ बदलाव करते हैं तो इससे आपके घर में मौजूद नकारात्मकता खत्म होती है और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है. ऐसे में चलिए जानते हैं कि घर का वास्तु दोष खत्म करने के लिए आपको अपने घर में क्या बदलाव करने हैं. वास्तु के अनुसार, आपको अपने घर की तिजोरी को उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा (ईशान कोण) में ही रखना चाहिए. उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा को धन के देवता कुबेर और धन की देवी मां लक्ष्मी की दिशा माना गया है. ऐसे में इस दिशा में तिजोरी रखने से आपको काफी लाभ मिल सकता है. घर में सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए आपको घर के ईशान कोण में प्रकृति से जुड़ी तस्वीरें जैसे उगता सूरज या नदियों की तस्वीर लगानी चाहिए. इसी के साथ रसोई के अग्नि कोण में लाल रंग का बल्ब लगाना चाहिए. इससे आपको बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं. आप आपके घर में नकारात्मकता है, तो इसके लिए रोजाना पानी में थोड़ा-सा नमक मिलाकर पूरे घर में उससे पोछा लगाएं.

## नॉलेज

# 32 डिग्रियां, 11 भाषाओं में पारंगत

### जानें संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर कितने पढ़े-लिखे थे



भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर कानूनविद्, अर्थशास्त्री, लेखक, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक के साथ ही साथ स्वाधीनता सेनानी थे. दलितों के खिलाफ समाज में व्याप्त भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया तो महिलाओं, किसानों और महिलाओं के अधिकारों की आवाज भी बुलंद की. तत्कालीन महाराष्ट्र के महू (अब मध्य प्रदेश में) एक गरीब परिवार में जन्मे डॉक्टर अंबेडकर ने शिक्षा के दम पर एक नया मुकाम हासिल किया. उन्होंने 32 डिग्रियां हासिल की और 11 भाषाओं में पारंगत थे. बाबा साहब के नाम से विख्यात डॉ. आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आइए जान लेते हैं कि संविधान निर्माता कितने पढ़े-लिखे थे. बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू (तत्कालीन महाराष्ट्र की सैन्य छावनी) में हुआ था. डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का विवाह महज 14 वर्ष की उम्र में रमाबाई से कर दिया गया. वह डॉ. अंबेडकर के लिए त्याग की प्रतिमूर्ति बनकर आईं और हरसंभव प्रयास करके उनकी पढ़ाई जारी रखवाई. रमाबाई की कोशिशों का ही प्रतिफल था कि डॉ. आंबेडकर ने 32 डिग्रियां हासिल की थीं. उन्होंने लगभग 21 सालों तक दुनिया भर के सभी धर्मों का तुलनात्मक अध्ययन भी किया. लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉ. आंबेडकर ने केवल दो साल तीन महीने में 8 साल की पढ़ाई पूरी कर ली थी. लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से डॉक्टर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल करने वाले वह दुनिया के पहले व्यक्ति थे. यह भी बताया जाता है कि यह डिग्री हासिल करने वाले डॉ. आंबेडकर दुनिया के एकमात्र व्यक्ति थे. अलग-अलग विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉ. भीमराव आंबेडकर को मिली डिग्रियों में बॉम्बे यूनिवर्सिटी से बीए, कोलंबिया यूनिवर्सिटी से एमए, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से एमएससी और डीएससी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी से पीएचडी और एलएलडी, उस्मानिया यूनिवर्सिटी से एलएलडी, नागपुर यूनिवर्सिटी से मिली एलएलडी की डिग्री शामिल है. उस्मानिया यूनिवर्सिटी से डीलिट, बीएचयू से डीलिट, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से डीलिट, कोलंबिया यूनिवर्सिटी से डीलिट और नागपुर यूनिवर्सिटी से भी उन्होंने डीलिट की डिग्री हासिल की. इनके अलावा डॉ. आंबेडकर ने ग्रेज इन, लंदन से बैरिस्टर एट लॉ, बॉम्बे यूनिवर्सिटी से एमए, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से डीएससी, यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन से एलएलडी, यूनिवर्सिटी ऑफ बॉम्बे से डीएससी और एलएलडी, नागपुर यूनिवर्सिटी से डीएससी और एलएलडी, पंजाब यूनिवर्सिटी से डीएससी और एलएलडी, कर्नाटक यूनिवर्सिटी से एलएलडी, केरल यूनिवर्सिटी से एलएलडी, बड़ौदा यूनिवर्सिटी से एलएलडी, मैसूर यूनिवर्सिटी से एलएलडी, सागर यूनिवर्सिटी से एलएलडी, यूनिवर्सिटी ऑफ रंगून से एलएलडी और उस्मानिया यूनिवर्सिटी से एलएलडी की डिग्री भी हासिल की थी. डॉ. बीआर आंबेडकर की लिखी किताब वेटिंग फॉर ए वीजा कोलंबिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई जाती है. वह दुनिया के ऐसे इंसान हैं, जिनकी पूरी विश्व में सबसे ज्यादा प्रतिमाएं हैं. साल 1950 में उनकी सबसे पहली प्रतिमा कोल्हापुर शहर में बनी थी. वह एकमात्र भारतीय थे, जिनकी एक प्रतिमा लंदन संग्रहालय में कार्ल मार्क्स के साथ भी लगी हुई है. दुनिया भर में वह एक ऐसे नेता थे, जिनके नाम पर सबसे अधिक गाने रचे गए और किताबें लिखी गई हैं.

# जुर्म की दुनिया का पूरा सच

माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव का सद्यःप्रकाशित उपन्यास 'बबलू श्रीवास्तव का अधूरा ख्वाब' अंडरवर्ल्ड और भारतीय प्रशासन के क्रियाकलापों-संबंधों पर एक अत्यंत पठनीय, रोचक और ज्ञानवर्धक उपन्यास है. यूँ तो इसके डिस्क्लेमर में यह बताया गया है कि उपन्यास के पात्र व घटनाएँ काल्पनिक हैं, परंतु निश्चित ही वे वास्तविक घटनाओं से लिए गए प्रतीत होते हैं. उपन्यास को संवाद शैली में बहुत ही नए-निराले अंदाज में लिखा गया है और अगर एक बार पाठक उन संवादों के बीच फंस जाता है तो वह उपन्यास को अंततः खत्म करके ही छोड़ता है. उपन्यास के चंद शुरुआती पृष्ठों में ही भारत में पनपते भयानक भ्रष्टाचार की कलई खोली गई है. वार्तालाप शैली में लिखी गई उपन्यास के कुछ दिलचस्प अंश वैसे, पूरी पुस्तक में अपहरण-फिरौती से संबंधित सफल-असफल ऑपरेशनों की ही कहानियाँ बताई गई हैं, जो एक दूसरे से कहीं कोई तारतम्य नहीं रखतीं. खल पात्रों वार्तालाप जो अपहरणों को अंजाम देते हैं, कभी-कभी घटनाओं को समझने में भ्रमित करते हैं. कहानियों में भी कोई तारतम्यता नहीं है, और न ही कोई नया पन. जिससे उपन्यास कहीं-कहीं बोझिल भी हो जाता है. और, चूंकि उपन्यास वार्तालाप शैली में है, इसलिए यह घोर एकरसता भी पैदा करता है. ऊपर से, वार्तालाप में पात्रों का परिचय भी नहीं है, जिससे अनुमान के आधार पर कथानक का खाका पाठक के मन में बनता है. हाँ, जैसा कि सबको पता है, बिहार का अपहरण उद्योग इधर कुछ दिनों से काफी फल फूल रहा है.


# यू पाईल्स सिरप तथा पाईल्स रिलॅक्स और पाइलामृत कैप्सूल



आयुर्वेद एक जीवनशास्त्र तथा वरदानी चिकित्सा शास्त्र भी है। पाईल्स अर्थात बवासीर पर इसमे कई हजार वर्षों से सफल प्रभावी ईलाज किया जाता आ रहा है। इस पाईल्स या बवासीर को अर्श या मूलव्याध भी आयुर्वेद में कहा गया है। शिवशंकर आयुर्वेद एजेंसी सीताबर्डी नागपुर द्वारा निर्मित एक वितरित यू पाईल्स सिरप तथा पाइल्स रिलैक्स और पाईलामृत कैप्सूल पाइल्स पर अच्छा आराम देते हुए पाए गए है. पाइल्स या मूलव्याधि समूल नष्ट नहीं होगा. इसे पथ्य और औषधि सेवन से शांत किया जा सकता है. शल्य क्रिया करके भी पाइल्स फिर अपथ्य करने से पुनरुद्भव हो सकता है. उसको पथ्यापथ्य से और औषधी सेवन से ठीक किया जा सकता है। शल्यक्रिया (ऑपरेशन) करके भी पाईल्स फिर अपथ्य सेवन करने से पुनरुद्भव हो सकता है। परंतु पथ्यापथ्य के पालन एवं यु पाईल्स सिरप 20ml + आधे कप पानी के साथ और एक कैप्सूल पाइल्स रिलैक्स एव पाईलामृत की सुबह और शाम खाने के बाद सेवन करने से पाइल्स में अच्छा लाभ होते हुए देखा गया है. शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी मार्गदर्शक वैद्यो को अनुभव आया है। तथा इच्छुक व्यक्ति शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी अथवा शिवशंकर आयुर्वेदिक क्लिनिक के अनुभवी वैद्यो की अनुभवी सलाह से परामर्श कर उपयुक्त यू पाइल्स सिरप एवम पाइल्स रिलैक्स और पायलाम्रुत कॅप्सुल्स का सेवन करके अपनी समस्या का समाधान पाए.




सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000/8605245080.


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# फूड पॉइजन मामले की गहन जांच हो: मुनगंटीवार

> फूड पॉइजन से पीड़ित छात्रों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करें

**चंद्रपुर.**



छात्रों को फूड पॉइजन के मामले में गहन जांच करने के स्पष्ट निर्देश विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने प्रशासन को दी है. यह भी सुझाव दिया गया है कि सावली तालुका के पारडी में जिला परिषद स्कूल में खिचड़ी से फूड पॉइजन बाधित छात्रों को तत्काल चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाना चाहिए।

सावली तालुका के पारडी में जिला परिषद स्कूल में छात्रों को खिचड़ी फूड पॉइजन होने का मामला उजागर होने से प्रशासन में हलचल मच गई. इस विद्यालय में कुल 126 विद्यार्थियों को खिचड़ी दी गयी. इन छात्रों के खिचड़ी खाने के बाद 106 छात्रों की हालत बिगड़ गई, इसलिए छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. इन सभी छात्रों को खिचड़ी से फूड पॉइजन होने की जानकारी मिल रही है.

जिलाधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को मामले की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिये गये हैं। मुनगंटीवार यह भी निर्देश दिया है कि जिला प्रशासन के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि अस्पताल में भर्ती छात्रों को बेहतर इलाज मिले.

# डॉ.बाबासाहब आंबेडकर की जीवन यात्रा अंधकार से प्रकाश तक की प्रेरक संघर्ष की कहानी है: जोरग़ेवार

> महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को नमन

**चंद्रपुर.**

भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर न केवल भारतीय संविधान के निर्माता थे, बल्कि एक महान दार्शनिक, समाज सुधारक और मानवता के सच्चे सेवक भी थे। उन्होंने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग प्रशस्त किया। उनके विचारों ने लाखों लोगों का जीवन बदल दिया। संघर्ष के माध्यम से समाज को असमानता के बंधन से मुक्त कराने वाले डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की जीवन यात्रा को अंधकार से प्रकाश तक के प्रेरक संघर्ष की कहानी कहा जा सकता है।

महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरगेवार ने मेन रोड पर भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की पुतले पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। विधायक किशोर जोरगेवार के जनसंपर्क कार्यालय में भी अभिवादन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस बार उन्होंने डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।



कार्यक्रम में पूर्व भाजपा नगरसेवक सुभाष कासनगोट्टुवार, भाजपा नेता दशरथ सिंह ठाकुर, पूर्व नगरसेविका कल्पना बाबुलकर, वंदना हटगांवकर, सविता दांधारे, सैली येरने, विमल काटकर, नीलिमा वानकर, अमोल शेंडे, नकुल वासमवार, आशा देशमुख, सुमित बेले, स्वप्निल उपस्थित थे। पाटकोटवार, चन्द्रशेखर देशमुख, हरमन जोसेफ, डॉ. सत्यजीत पोद्दार, विनोद अनंतवार, छाया चावरे, सुरेंद्र अंचल, संजय महाकालीवार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

इस अवसर पर बोलते हुए, विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि, आज हम डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर सिर्फ एक नाम नहीं हैं, बल्कि एक क्रांति के प्रतीक हैं। अपने दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास से उन्होंने अपने और समाज के लिए समानता का मार्ग खोजा। डॉ. अंबेडकर का योगदान केवल भारत तक ही सीमित नहीं है आधारित समाज के निर्माण का उनका संदेश अमूल्य है।

महापरिनिर्वाण दिवस जहां उनकी स्मृति को नमन करने का दिन है, वहीं उनके विचारों को व्यवहार में लाने का भी दिन है। उन्होंने हमसे डॉ. बाबासाहेब के दिखाए रास्ते पर चलने और उनके सपनों का समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध होने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

# महायुति द्वारा 68वें महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ.बाबासाहब आंबेडकर को श्रद्धांजलि

## डॉ.बाबासाहब आंबेडकर के विचारों को लागू करना होगा: डॉ. मंगेश गुलवाडे

**चंद्रपुर.**

6 दिसंबर 2024 को महामानव डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के 68 वा महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर के महान कार्यों को याद करते हुए समाज के हर वर्ग को एक साथ लाने के लिए समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मंगेश गुलवाड़े उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। अपने संदेश में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक मार्गदर्शन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बाबा साहब के पूर्ण चित्र पर पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



डॉ. मंगेश गुलवाड़े ने अपने अनुभवात्मक संदेश में कहा, "बाबा साहब द्वारा दिया गया मंत्र सीखो, संगठित हो और संघर्ष करो, हमारे जीवन का आधार है। उनके विचार पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बने रहेंगे।" उन्होंने समाज के सभी लोगों से दंड, एकता और सामाजिक न्याय के लिए प्रयास करने का आग्रह किया।

चंद्रपुर शिव सेना के जिला अध्यक्ष बंडू हजारे, रिपाई अठावले समूह के जिला अध्यक्ष जयप्रकाश कांबले, राजू भगत, पूर्व नगरसेवक चबुताई वैरागड़े, भाजपा पदाधिकारी नम्रता थेमस्कर, रुद्रनारायण तिवारी, धनराज कोवे, राकेश बोमनवार, ज्योतिताई वेल्के, रामकुमार अक्कापल्लीवार, प्रवीण उरकुडे, अमित निरंजने , सोहम बटले उपस्थित थे।



कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बाबा साहेब के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज हित में कार्य करने का निर्णय लिया गया. भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव डॉ. मंगेश गुलवाडे ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों को क्रियान्वित कर समतामूलक समाज का निर्माण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है.



# विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगो को सामग्री वितरण

> चंद्रपुर फेरो ऑयल प्लांट की पहल

**चंद्रपुर.** विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, चंद्रपुर फेरो ऑयल प्लांट द्वारा सीएसआर फंड के तहत एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, दिव्यांग कौशल विकास बहुउद्देशीय सोसायटी एवं एल्मिको द्वारा दिव्यांग बंधुओं को उपयोगी सामग्री वितरित की गई। संजय कुमार गजभाई कार्यकारी निदेशक सीएफपी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और बी. एम. मोहरकर, श्री बी.यशवंता, श्री राजेश गायकवाड़, श्री सी.एम. पोडे, श्री अरिंदम डे एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर दिव्यांग बंधुओं को बैसाखी, साइकिल, श्रवण यंत्र, स्मार्ट केन, एल्बो स्टिक, साधारण स्टिक, व्हील चेयर एवं बैटरी चालित साइकिल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन चंद्रपुर फेरो ऑयल प्लांट के डीजीएम उमेश उके ने किया.

कार्यक्रम की सफलता के लिए डॉ. एल्मिको. रोहिणी करांडे, दिव्यांग कौशल विकास संस्थान के नीलेश पज़ारे, टाटा अस्पताल के डॉ. आशीष बारबड़े, रेडक्रॉस के पीयूष मेश्राम, मुन्ना खोबरागड़े, कल्पना शिंदे ने कोशिश की. इस अवसर पर भास्कर कांबले, सतीश मुल्लेवार, रवींद्र उपरे, सुभाष मोहुर्ले, उत्तम साव, अर्पिल चौधरी, पुष्पा, ललिता, किरण आदि ने सहयोग किया.

# स्कूली छात्रों की आगार प्रमुख ने की अवहेलना

> तहसीलदार के आदेश से रात 7 बजे बस चली

> बस आगार प्रमुख ने छात्रों को दी गलत जानकारी



**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**

स्कूल से छुट्टी के बाद छात्र गांव जाने के लिए बस स्टैंड पहुंचे, दो घंटे बाद भी बस नहीं चली तो छात्र आगर प्रधान से मिले। बस प्रमुख का कहना है कि बस जा चुकी है, ये सुनते ही छात्रों की जान अटक गई कि अब घर कैसे जाएंगे. सुबह से ही छात्र-छात्राएं घर से स्कूल के लिए निकले थे और शाम के पहले घर पहुंच जाते थे. बस डिपो प्रमुख ने बस जाने की गलतजनकारी देने से सभी छात्र ठंड से बिलबिला रहे थे। कुछ छात्रों सीधे तहसीलदार से मुलाकात कर अपनी समस्या बया की. तहसीलदार ने तुरंत आगर मुखिया को झूठ बताने से फटकार लगाई. तहसीलदार अपने समक्ष छात्रों को सुरक्षित गांवों तक ले जाने के लिए बस भेजी. तब जाकर कही छात्रों ने राहत की सांस ली। राजुरा में पढ़ने के लिए छात्र गांवों से बस से यात्रा करते हैं। राजुरा बस स्टेशन हमेशा किसी न किसी तरह की बदइंतजामी को लेकर चर्चा में रहता है। इसी तरह तुलाना के विद्यार्थी स्कूल के बाद बस स्टैंड पर आए। शाम 5 बजे से 7 बजे तक हम ठंड से ठिठुरते हुए अंधेरे में बस का इंतजार करते रहे, लेकिन बस नहीं आई।

फिर 7 बजे जब छात्रों ने पूछताछ में पूछा तो बताया गया कि बस जा चुकी है। इससे छात्र डर गए और बस नहीं गई लेकिन बताया गया कि बस निकल गई है, इसलिए वे बस स्टेशन के पास स्थित तहसील कार्यालय पहुंचे और तहसीलदार ओमप्रकाश गौंड को घटना बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी अधिकारी ओमप्रकाश गौंड तहसीलदार राजुरा ने बिना एक पल की भी देरी किए एसटी के वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और तुरंत बस की व्यवस्था की गई और जांच अधिकारी को बताया गया कि बस तुलाना गई।

लेकिन हकीकत में बस नहीं गई, स्थिति गंभीर है और अभिभावकों ने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है, क्योंकि जो बस कागजों में गई थी, वह हकीकत में नहीं गई, तहसीलदार ओमप्रकाश गौंड ने एस. टी. अधिकारियों से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा गया है



# अवैध हथियारों के कई मामले उजागर, पुलिस की सख्त कार्रवाई

**चंद्रपुर.** चंद्रपुर जिले में अवैध रूप से बंदूक और जिंदा काडतुस रखने के मामले सामने आ रहे है। 4 दिसंबर को बल्लारपुर पुलिस स्टेशन अंतर्गत 3 बंदूक और 18 जिंदा काडतुस के साथ 5 आरोपीयों से जप्त किए गए है। वही 4 दिसंबर को अपराध शाखा के पोउपनी विनोद भुर्ले, संतोष निंभोरकर पुलिस दल के साथ जिला पुलिस अधिक्षक मुम्मका सुदर्शन, अप्पर पुलिस अधिक्षक रिना जनबंधू, अपराध शाखा पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार के आदेश से जिले में अवैध कार्य पर कारवाई करने के लिए पेट्रोलिंग कर रहे थे। पडोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत पेट्रोलिंग दरम्यान राकेश चंद्रया माटला 28 रा. तिलकनगर अमराई वार्ड घुग्घुस यह खुद के पास अवैध रुप से बंदूक और जिंदा काडतुस लेकर अपने वाहन से घुग्घुस जाने की गुप्त जानकारी मिली थी। जानकारी के आधार पर पडोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत मुख्य चौराहे पर नाकाबंदी कर जाल बिछाते हुए आरोपी को हिरासत में लिया गया है। राकेश की जांच करने पर 1 देशी बनावटी बंदूक के साथ 4 जिंदा काडतुस मिले है। राकेश के विरोध में पडोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जिला अपराध शाखा कर रही है।

यह कारवाई यह कारवाई जिला पुलिस अधिक्षक मुम्मका सुदर्शन, अप्पर पुलिस अधिक्षक रिना जनबंधु के मार्गदर्शन में अपराध शाखा पुलिस निरीक्षक महेश कोंडावार के नेतृत्व में अपराध शाखा के पोउपनी विनोद भुर्ले, संतोष निंभोरकर, पोहवा किशोर वैरागडे, नीतेश महात्में, दीपक डोंगरे, सतिश अवथरे, रजनीकांत पुट्ठावार, नापोशी संतोष येलपुलवार, पोशी गोपाल आतकुलवार, गोपीनाथ नरोटे, चापोहवा दिनेशअराडे और अपराध शाखा दल ने की है।

# 16 दिसंबर को महिला लोकशाही दिवस का आयोजन

**गडचिरोली,** महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने और उनकी समस्याओं के बारे में उचित मार्गदर्शन प्राप्त करने के उद्देश्य से हर महीने के तीसरे सोमवार को जिला स्तर पर महिला लोकशाही दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दौरान 16 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे कलेक्टर गडचिरोली की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में जिला महिला लोकशाही दिवस का आयोजन किया गया है. महिलाओं की व्यक्तिगत समस्याओं, शिकायतों, बाधाओं और उनके निवेदनो को भी स्वीकार किया जाएगा।



# पुष्पा ने पहले दिन की रिकॉर्ड तोड़ कमाई




अल्लू अर्जुन और निर्देशक सुकुमार की 'पुष्पा 2: द रूल' ने दुनिया भर में शानदार ओपनिंग कर धमाका कर दिया है। भारत में फिल्म ने 175.1 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है जो अब तक की सबसे बड़ी ओपनर बन गई है। पुष्पा 2 ने 250 करोड़ की वर्ल्डवाइड कमाई के साथ भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया है.इसके अलावा, 'पुष्पा 2' ने शाहरुख खान की 'जवान' और बाहुबली 2 को पछाड़कर हिंदी में पहले दिन अब तक की सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली मूवी के लिस्ट में शामिल हो गई। अल्लू अर्जुन स्टारर यह फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर ओपनिंग करने वाली भारत की सबसे बड़ी फिल्म बन गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 'पुष्पा 2' ने पहले दिन 165 करोड़ की कमाई कर डाली है. इनमें तेलुगु में फिल्म ने सबसे ज्यादा 85 करोड़ का कलेक्शन किया है.जबकि हिंदी में फिल्म ने 67 करोड़, कन्नड़ में 1 करोड़ , तमिल में 7 करोड़,और मलयालम में 5 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ पुष्पा 2 ने पहले दिन ही 175.1 करोड़ की कमाई की है. बता दें कि इसमें फिल्म का तेलगु पेड प्रीव्यू का डाटा भी जुड़ा हुआ है.

ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि 'पुष्पा 2' ने रिलीज के पहले ही बॉक्स ऑफिस पर आग लगा दी और सारी फिल्मों के रिकॉर्ड को धूल चटा दी. इस फिल्म ने पहले ही दिन वो कमाल कर दिखाया है जिसके लिए बॉक्स ऑफिस पूरे साल तरसती रही. इस फिल्म ने इस साल और पिछले साल का ही नहीं बल्कि अब तक की टॉप फिल्मों की ओपनिंग डे का सारा रिकॉर्ड तोड़ डाला है. जिसमें 'आरआरआर', 'जवान', 'बाहुबली 2' जैसी कई फिल्मों के नाम शामिल हैं.

# सीएम शपथ समारोह में शाहरुख-सलमान मिले गले

महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. मुंबई के आजाद मैदान में शपथ ग्रहण समारोह रखा गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत कई दिग्गज हस्तियां शामिल हुई. राजनेताओं के अलावा बिजनेस, फिल्म और खेल जगत की हस्तियां भी शपथ ग्रहण में नजर आईं. सलमान खान, शाहरुख से लेकर वरुण धवन, रणवीर सिंह, श्रद्धा कपूर तक कई हस्तियां पहुंची. चलिए देखते हैं कौन किसके साथ नजर आया.

देवेंद्र फडणवीस के शपथ ग्रहण समारोह में सलमान खान और शाहरुख एक दूसरे से गले मिलते नजर आए. वहीं, सलमान और संजय दत्त भी एक साथ दिखें और उन्होंने रणबीर सिंह को भी गले लगाया. शाहरुख खान ने सचिन तेंदुलकर को भी गले लगाया और रणवीर सिंह को भी गले लगाते दिखें. किंग खान इस दौरान ब्लैक कलर के ब्लेजर में दिखें. शपथ ग्रहण समारोह में रणवीर सिंह और रणबीर कपूर एक साथ नजर आए. दोनों एक दूसरे के साथ बैठे दिखें. वहीं श्रद्धा कपूर एक्टर वरुण धवन के साथ पहुंचे थे, दोनों को एक साथ देखा गया. समारोह में जान्हवी कपूर भी नजर आईं. एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया संग दिखीं. इसके अलावा उनके साथ अर्जुन कपूर उनके पिता और बोनी कपूर और बहन खुशी कपूर भी नजर आईं.



# कार्तिक आर्यन बने 2024 के लीडिंग मैन



हर साल जीक्यू इंडिया उन पुरुषों को सम्मानित करता है जो सिनेमा में अपनी शानदार अदाकारी, आकर्षण और असर से सबका दिल जीत लेते हैं. ये लीडिंग मैन न सिर्फ अपने क्राफ्ट में गेम-चेंजर हैं, बल्कि पॉप कल्चर के आइकॉन भी हैं जिनका असर सिल्वर स्क्रीन से कहीं आगे तक फैला हुआ है. ये परंपरा हर साल के सबसे पॉपुलर, सफल और भरोसेमंद सुपरस्टार्स को सेलिब्रेट करती है, जो बॉक्स ऑफिस और लोगों के दिलों पर राज करते हैं. तो चलिए, हम उन शानदार टैलेंट्स पर नजर डालते हैं जिन्होंने पिछले तीन सालों में यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है:

इस साल, कार्तिक आर्यन ने साबित कर दिया है कि वह सिर्फ एक नेशनवाइड स्टार नहीं हैं, बल्कि एक मजबूत लीडिंग एक्टर भी हैं. भूल भुलैया 3 की सफलता के बाद, जिसने दुनिया भर में 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, कार्तिक ने 200 करोड़ क्लब में सबसे कम उम्र के मेंबर के रूप में एंट्री की है. उनकी वर्सेटिलिटी चंदू चैंपियन में और भी ज्यादा निखरकर सामने आई, जहां उन्होंने शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण भूमिका में क्रिटिक्स से तारीफें बटोरीं हैं.

कार्तिक की लगातार बॉक्स ऑफिस पर सफलता और साथ ही क्रिटिक्स से तारीफें हासिल करने की काबिलियत उन्हें एक असली ऑलराउंडर बनाती है. रोमांटिक कॉमेडी सोनू के तितु की स्वीटी से लेकर इमोशनल ड्रामा सत्य प्रेम की कथा तक, कार्तिक की फिल्मोग्राफी उतनी ही अलग है जितनी उनकी फैन फॉलोइंग. उनकी पॉपुलैरिटी नए ऊंचाइयों तक पहुंच चुकी है, जो उनके और उनके दर्शकों के बीच खास बॉन्ड को दिखाता है. कहना होगा की वह इस पीढ़ी के आइकन के रूप में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं.

## पर्पल ड्रेस में ग्लैमरस दिखीं बेबो

करीना कपूर खान ने हाल ही में सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की। इस दौरान बेबो ने अपनी खूबसूरत पर्पल ड्रेल और नेट स्टाइलिश स्कॉफ में सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। करीना ने अपने इस लेटेस्ट लुक की तस्वीरें अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की है, जिसे देखने के बाद हर कोई उनकी खूबसूरती का कायल हो गया है और उनकी तारीफ करता थक नहीं रहा है।

करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शानदार तस्वीरें साझा कीं और कैप्शन में लिखा, "रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ओपनिंग नाइट।" उन्होंने नेकलाइन पर फूलों के साथ बैंगनी मखमली पोशाक पहनी थी। उसने अपने बालों को एक साफ बन में बांधा और चेहरे पर जालीदार घूंघट डाला। करीना ने अपने लुक को स्टेटमेंट डायमंड इयररिंग्स और पिंक टोन्ड मेकअप के साथ पूरा किया।

करीना कपूर खान जलवा आज भी कायम है। करीना आखिरी बार रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में अवनी के किरदार में नजर आई थीं। हाल ही में करीना को फिल्मफेयर ओटीटी अवाड्र्स 2024 में बड़ी जीत हासिल की और सुजॉय घोष की जाने जान में अपनी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

# विवेक ने ऐश्वर्या को लेकर कही ये बात



बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय भले ही अब फिल्मों में कम ही दिखाई देते है, लेकिन वह लगातार चर्चा में बने रहते हैं. कभी अपने बयानों को लेकर तो कभी अपने पोस्ट को लेकर. हालांकि बीते कुछ दिनों से वह अपनी संपत्ति को लेकर खूब सुर्खियों में हैं.

विवेक ने दिल टूटने से लेकर करियर बर्बाद होने तक जैसे कई दर्द झेले हैं. हालांकि अब उन्होंने अपनी मेहनत से एक अलग मुकाम हासिल कर लिया है. इसी बीच विवेक ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनकी लाइफ में जो भी हुआ वो अच्छा ही हुआ वरना वह खुद एक प्लास्टिक बन जाते. इस दौरान उन्होंने ऐश्वर्या-अभिषेक और सलमान खान पर भी बात की है, जिसकी इस वक्त हर तरफ चर्चा हो रही है.


बता दें कि विवेक ऐश्वया संग दर्दनाक ब्रेकअप से गुजरे हैं. वो इसपर कई बार बात भी कर चुके हैं. हालांकि अब वह खुश हैं कि उन सबसे वह निकल चुके हैं. इसपर बात करते हुए विवेक ने हालिया इंटरव्यू में बताया कि अब वह बहुत खुश हैं और उन्हें एक अच्छी लाइफ पार्टनर मिल गई है. विवेक ने कहा कि शायद मैं बनावटी इंसान बन गया होता.

नकली जिंदगी जी रहा होता. शायद प्लास्टिक वाले मुस्कुराहट के बीच मैं भी प्लास्टिक बन गया होता.' विवेक अपने इस बयान को लेकर इस वक्त चर्चा में बने हुए हैं. विवेक को इस दौरान एक टास्क दिया गया था, जिसमें उन्हें कुछ नाम पर रिएक्ट करना था. सबसे पहले विवेक के सामने उनके पिता सुरेश का नाम लिया गया. जिसपर रिएक्ट करते हुए उन्होंने उनको अपना इंस्पिरेशन कहा.

इसके बाद वाइफ प्रियंका के नाम पर बोले- 'ओनली लव.' वहीं जब सलमान खान का नाम आया तो उन्होंने बोला कि 'भगवान उनका भला करे.' ऐश्वर्या के नाम भी विवेक ने यही बात कही. हालांकि जब अभिषेक का नाम आया तो उन्होंने उनकी तारीफ की. विवेक ने कहा कि 'अभिषेक एक अच्छे इंसान हैं और वह दिल के बहुत अच्छे हैं.'

# शक्तिमान से कटेगा रणवीर सिंह का पत्ता

रणवीर सिंह इस साल एक फिल्म में नजर आए. 'सिंघम अगेन' में उनका कैमियो था. यह रोल ऐसा था, जिसने हर किसी को इम्प्रेस कर दिया. पर अगर उनकी पिछली कुछ फिल्मों का कलेक्शन देखा जाए, तो कुछ खास धमाका करने में कामयाब नहीं रहे हैं. अब जिस फिल्म को लेकर वो चर्चा में आ गए हैं, वो है- 'शक्तिमान'. इस फिल्म को सोनी पिक्चर्स इंडिया वाले बना रहे हैं. पर फिल्म का काम शुरू होने से पहले ही असली दिक्कत हो गई है. हाल ही में बॉलीवुड हंगामा पर एक रिपोर्ट छपी. इससे पता लगा कि फिल्म 'शक्तिमान' को बेहतरीन तरीके से बनाने की प्लानिंग हो रही है. पर ऐसा चाहते हुए भी सोनी पिक्चर्स को काम में देरी करनी पड़ रही है और इसकी वजह रणवीर सिंह हैं.



इस रिपोर्ट से ऐसा भी पता लगा कि रणवीर सिंह के खराब परफॉर्मेंस से कोई भी खुश नहीं हैं. ऐसे में जो डिजिटल प्लेयर्स हैं, वो उनके साथ फिल्म बनाने को लेकर एक्साइटेड नहीं हैं. उनके मुताबिक, रणवीर सिंह का इस वक्त अच्छा टाइम नहीं है. करियर के सबसे लो फेज में वो चल रहे हैं. 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' आई, पर जैसी उम्मीद थी उतना कारोबार नहीं कर सकी.

सोनी पिक्चर्स वाले भी मान रहे हैं कि वो बेशक हिंदी सिनेमा की रोमांचक फिल्म पर काम कर रहे हैं. पर मार्केट के नजरिए से रणवीर सिंह इस फिल्म के लिए इस वक्त सही नहीं हैं. डिजिटल प्लेयर्स चाहते हैं कि रणवीर सिंह को फिल्स से रिप्लेस करके रणबीर कपूर को अप्रोच किया जाए. 400 करोड़ के बजट में फिल्म में बन रही है, ऐसे में कोई भी रिस्क लेने को तैयार नहीं है. हो सकता है मेकर्स ने इस मामले में फैसला कर लिया हो. रणबीर कपूर की पिछली फिल्म एनिमल ने 900 करोड़ से ज्यादा छापे थे, अब वो ही डिमांड में हैं.

# कीर्ति सुरेश का वेडिंग कार्ड हुआ लीक

साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश इसी साल शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं. एक्ट्रेस अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एंटनी थट्टिल संग शादी रचाने जा रही हैं. इस बात का खुलासा खुद कीर्ति ने हाल ही में पैपराजी से बात करते हुए किया था. हालांकि एक्ट्रेस ने वेडिंग डेट नहीं बताई थी. वहीं अब कीर्ति की शादी का कार्ड सामने आ गया है.



कीर्ति सुरेश और एंटनी थट्टिल की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. व्हाइट बैकग्राउंड के साथ फूलों के प्रिंट वाले इस कार्ड पर कीर्ति और एंटनी का नाम लिखा है. कार्ड के मुताबिक कपल 12 दिसंबर 2024 को शादी करेगा. वेडिंग कार्ड पर एक खूबसूरत नोट भी लिखा हुआ है. साउथ एक्ट्रेस कीर्ति सुरेश इसी साल शादी के बंधन में बंधने के लिए तैयार हैं. एक्ट्रेस अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड एंटनी थट्टिल संग शादी रचाने जा रही हैं. इस बात का खुलासा खुद कीर्ति ने हाल ही में पैपराजी से बात करते हुए किया था. हालांकि एक्ट्रेस ने वेडिंग डेट नहीं बताई थी. वहीं अब कीर्ति की शादी का कार्ड सामने आ गया है.

कीर्ति सुरेश और एंटनी थट्टिल की शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है. व्हाइट बैकग्राउंड के साथ फूलों के प्रिंट वाले इस कार्ड पर कीर्ति और एंटनी का नाम लिखा है. कार्ड के मुताबिक कपल 12 दिसंबर 2024 को शादी करेगा. वेडिंग कार्ड पर एक खूबसूरत नोट भी लिखा हुआ है.

# 'लापता लेडीज' के ऑस्कर जीतने की आमिर को उम्मीद

आमिर खान अच्छी, लीक से हटकर फिल्मों में अभिनय ही नहीं करते, ऐसी फिल्मों को प्रोड्यूस भी करते हैं। इस साल रिलीज हुई किरण राव निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' के एक प्रोड्यूसर वो भी थे। अब यह फिल्म ऑस्कर अवॉर्ड पाने की दावेदार बनी हुई है। हाल ही में आमिर ने इस फिल्म के ऑस्कर जीतने और उसके बाद की स्थिति पर बात की।



ऑस्कर में 'लापता लेडीज' को भारत की ऑफिशियल एंट्री के तौर पर भेजा गया है। हाल ही में इसके ऑस्कर जीतने की उम्मीद आमिर खान ने एक इंटरव्यू में जता दी। वह कहते हैं, 'अगर हमारी फिल्म ऑस्कर जीत जाती है तो इससे 'लापता लेडीज' को नई उड़ान भरने का मौका मिलेगा।यह फिल्म दुनिया भर की ऑडियंस तक पहुंच पाएगी। देखिए, किसी फिल्म के ऑस्कर जीतने से उसके बारे में दुनिया भर की ऑडियंस जान जाती है और उस फिल्म को देखती है।' इसी इंटरव्यू में आमिर खान आगे कहते हैं कि हमारे देश में लोग फिल्मों को लेकर काफी क्रेजी हैं। हम भारतीयों को फिल्मों से प्यार है। इसलिए लगभग हर भारतीय को उम्मीद है कि फिल्म 'लापता लेडीज' ऑस्कर जरूर जीतेगी।' फिल्म 'लापता लेडीज' में कभी मजाकिया तो कभी इमोशनल अंदाज में महिलाओं की आजादी की कहानी को कहा गया है। कैसे आज भी देश में महिलाएं, पुरानी रूढ़ियों का शिकार हैं, इस बात को फिल्म में बहुत ही अच्छे से दिखाया गया है।

# भारत एशिया कप के खिताबी मुकाबले में पहुंचा

**नई दिल्ली.**

यूएई में खेले जा रहे एसीसी मेन्स अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को हरा दिया है। भारतीय टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी और फाइनल में धमाकेदार एंट्री मारी। भारत की इस शानदार जीत में 13 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अहम योगदान दिया। वैभव ने महज 36 गेंदों पर 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से 67 रनों की पारी खेली। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल पाई और 46.2 ओवर में 173 रनों पर ढेर हो गई। इसके जवाब में टीम इंडिया का आगाज बेहद शानदार रहा। सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी के बीच पहले विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी हुई। आयुष म्हात्रे 9वें ओवर में 34 रन बनाकर आउट हुए।



इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने 10वें ओवर में अपना शानदार अर्धशतक पूरा कर लिया।

10 ओवर में भारतीय टीम का स्कोर 100 के पार पहुंच चुका था। एसीसी मेन्स अंडर-19 फाइनल में भारत की टक्कर अब पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे मुकाबले के विजेता से होगी। इस मैच का नतीजा आने तक बांग्लादेश की टीम ने 15 ओवर में 2 विकेट खोकर 76 रन स्कोरबोर्ड पर लगा दिए थे। टीम को जीत के लिए 35 ओवर में सिर्फ 41 रनों की दरकार थी। यानी फाइनल में भारत का सामना बांग्लादेश से होता नजर आ रहा है। U19 एशिया कप 2024 का फाइनल मैच 8 दिसंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। अब देखना होगा कि भारतीय टीम 9वीं बार खिताब जीतने में सफल हो पाती है या नहीं।

### वैभव सूर्यवंशी ने फिर किया बल्ले से कमाल

वैभव सूर्यवंशी शानदार लय में नजर आ रहे थे लेकिन 14वें ओवर में प्रवीण मनीषा का शिकार बन गए। इसके बाद कप्तान मोहम्मद अम्मान और सिद्धार्थ सी ने मोर्चा संभालते हुए टीम को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। जीत से पहले सिद्धार्थ आउट होकर पवेलियन लौट गए लेकिन कप्ता ने कार्तिकेय के साथ मिलकर अपनी टीम को जीत दिलाकर ही दम लिया। कप्तान मोहम्मद अमान ने 22वें ओवर में छक्के से जीत दिलाई। इसके साथ ही भारतीय टीम 9वीं बार यु 19 एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई, जहां उसकी कोशिश 9वीं बार खिताब पर कब्जा जमाने की होगी।

# शाहरुख-सलमान संग दिखे सचिन तेंदुलकर



**नई दिल्ली.**

महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस के शपथ-ग्रहण समारोह में बहुत जानी-मानी हस्तियां पहुंचीं. इस बीच महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी अपनी वाइफ अंजली तेंदुलकर के साथ नजर आए. मगर फिलहाल सोशल मीडिया पर सचिन की सलमान खान के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गई है. खेल जगत और बॉलीवुड की सबसे जानी-मानी हस्तियों का एक राजनीतिक कार्यक्रम में एकसाथ नजर आना और तस्वीर खिंचावाना वाकई में एक दुर्लभ घटना मानी जा सकती है. सलमान खान के एक ओर सचिन तेंदुलकर खड़े हैं,

वहीं दूसरी तरह संजय दत्त खड़े हैं. इस शपथ समारोह में सचिन हल्के नीले रंग की शर्ट में नजर आ रहे हैं और उनके पीछे अर्जुन कपूर और विकी कौशल को भी देखा जा सकता है. यह समारोह मुंबई के आजाद मैदान में हुआ, जहां मुकेश अंबानी और गौतम अडानी समेत बहुत बड़े-बड़े बिजनेस टायकून नजर आए. बता दें कि इस समारोह में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा बीजेपी के अंडर आने वाले प्रदेशों के मुख्यमंत्री भी यहां मौजूद रहे.

सचिन तेंदुलकर को रणबीर कपूर के साथ हाथ मिलाते भी देखा गया. एक अन्य तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई, जिसमें शाहरुख खान और सचिन तेंदुलकर काला चश्मा पहन कर एक-दूसरे के बगल में बैठे दिख रहे हैं. रणवीर सिंह और माधुरी दीक्षित जैसे नामी बॉलीवुड कलाकार भी आजाद मैदान में मौजूद रहे. बता दें कि ये तीसरा मौका है जब देवेन्द्र फडनवीस महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं. एकनाथ शिंदे और अजीत पवार को कई बैठकों के बाद उपमुख्यमंत्री का पद

## नितीश रेड्डी की दर्द भरी दास्तां

**नई दिल्ली.**

नितीश रेड्डी अब भारतीय टीम के सबसे उभरते हुए सितारों में से एक हैं. टी20 और टेस्ट क्रिकेट में टीम इंडिया के लिए डेब्यू कर चुके नितीश ना केवल बैट बल्कि गेंद से भी प्रभावी साबित हुए हैं. अब उन्होंने उस दर्द को बयां किया है जो उन्हें भारत का एक टॉप क्रिकेटर बनने के सफर में झेलना पड़ा है. दरअसल बीसीसीआई ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें इस युवा क्रिकेट ने बताया कि कैसे उनके पिता के त्याग ने उन्हें क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया.

नितीश रेड्डी बताते हैं कि वो बचपन में क्रिकेट को गंभीरता से नहीं लेते थे, लेकिन उनके पिता ने बहुत त्याग किए हैं. उन्होंने बताया, "मेरे लिए पापा ने नौकरी छोड़ दी थी और मेरी कहानी में बहुत सारे त्याग छिपे हैं. मैंने एक दिन वित्तीय संकट के कारण उन्हें रोते हुए देखा, तब मैंने सोचा कि एक तरफ मेरे पापा त्याग कर रहे हैं और मैं क्रिकेट को केवल मजे के लिए नहीं खेल सकता. उस समय मैंने क्रिकेट को गंभीरता से लेना शुरू किया और मेहनत आखिरकार रंग लाई.नितीश कुमार एक मध्यम वर्ग परिवार से आते हैं. उन्होंने अपने पिता के त्याग के प्रति सम्मान दिखाते हुए कहा, "मेरा परिवार मिडिल-क्लास वर्ग से संबंध रखता है. अपने पिता को खुश देखकर मुझे भी खुशी मिलती है. मैंने जब उन्हें अपनी टीम इंडिया की जर्सी दिखाई और जब उनके चेहरे पर खुशी देखी तो मुझे बहुत गर्व महसूस हुआ."

नितीश रेड्डी का अपने आइडल के साथ खेलने का सपना तब पूरा हुआ जब 22 नवंबर को खुद विराट कोहली ने नितीश को उनकी टेस्ट डेब्यू कैप पहनाई.

# मुंबा ने चार मिनट में 3-1 की लीड बना ली

**नई दिल्ली.** जयपुर पिंक पैंथर्स और यू मुंबा के बीच बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में गुरुवार को खेला गया प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन का 94वां मैच 22-22 की बराबरी पर समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरा और सीजन का कुल 10वां टाई खेला। इस टाई ने मुंबा को अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

यह मुकाबला पूरी तरह डिफेंस के नाम रहा, जहां जयपुर ने 16 और मुंबा ने 11 टैकल प्वाइंट लिए। जयपुर के लिए रेजा मीरबघेरी (6) और रौनक सिंह (4) टाप स्कोरर रहे, जबकि मुंबा के लिए डिफेंडर सोमवीर ने सात अंक बटोरे। इस मुकाबले में अर्जुन देसवाल जैसा रेडर सिर्फ एक अंक ले सका।

मैच में मुंबा ने अच्छी शुरुआत करते हुए चार मिनट में 3-1 की लीड



बना ली थी, लेकिन जयपुर ने जल्द ही 3-3 की बराबरी कर ली। इसके बाद सोमवीर ने नीरज को डैश कर मुंबा को फिर आगे कर दिया। इस बीच लकी ने डू ओर डाई रेड पर मंजीत को लपक स्कोर 4-4 कर दिया। बहरहाल, 10 मिनट की समाप्ति तक मुंबा ने 6-4 की लीड बना रखी थी।ब्रेक के बाद जयपुर ने लगातार दो अंक लेते हुए स्कोर 6-6 कर दिया। इसके बाद जयपुर ने मुंबा को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया, लेकिन सोमवीर ने नीरज को सुपर टैकल कर मुंबा को 8-7 से आगे कर दिया। खास बात यह थी कि 15 मिनट बाद भी अर्जुन का खाता नहीं खुला था, क्योंकि डिफेंस डामिनेट कर रहा था। इस बीच मंजीत ने डू ओर डाई रेड पर रौनक को आउट कर मुंबा को 9-7 से आगे कर दिया।हाफटाइम के बाद नीरज ने रिंकू को गच्चा दिया, लेकिन अंकुश ने रोहित की अगली रेड पर गलती कर दी। फिर नीरज ने बोनस लेकर स्कोर 10-13 कर दिया। जयपुर के लिए अभी भी सुपर टैकल आन था। रौनक ने रोहित का शिकार कर स्कोर 12-13 कर दिया। इसके बाद जयपुर ने 14-13 की लीड ली लेकिन मुंबा ने फिर स्कोर बराबर कर दिया। तीस मिनट के खेल के बाद स्कोर 15-15 था और अर्जुन का खाता नहीं खुला था, क्योंकि मुंबा का डिफेंस गलतियां नहीं कर रहा था। अर्जुन ने हालांकि डू ओर डाई रेड पर सोमवीर को बाहर कर खाता खोल लिया, लेकिन अगली रेड पर रिंकू ने उनका शिकार कर लिया। मुंबा 17-16 से आगे हो गए थे। फिर परवेज ने नीरज को लपक सुपर टैकल आन कर दिया। मंजीत डू ओर डाई रेड पर गए और रेजा ने लपक लिया। स्कोर 18-18 हो गया, लेकिन अजीत ने अंकुश को आउट कर मुंबा को आगे कर दिया। फिर श्रीकांत के असफल रेड ने मुंबा को 2 अंक से आगे कर दिया, लेकिन रेजा और रौनक ने एक और सुपर टैल क साथ स्कोर 20-20 कर दिया। रेजा ने अपना हाई-5 पूरा किया। इसके बाद रौनक और रेजा ने अजीत को फिर सुपर टैकल कर जयपुर को 22-21 की लीड दिला दी। रोहित ने हालांकि स्कोर बराबर कर दिया। रोहित आखिरी रेड पर गए और खाली हाथ लौटे। इस तरह दोनों टीमों ने सीजन का 10वां टाई खेला।

## ओलंपिक चैंपियन पर एक साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली.**

अपने घोड़े के साथ बदसलूकी करने पर इंग्लैंड की तीन बार की ओलंपिक चैंपियन घुड़सवार चार्लोट डुजार्डिन पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है। इसके अलावा 39 वर्षीय चार्लोट पर 9.57 लाख रुपए का जुर्माना भी लगा है। डुजार्डिन पर यह प्रतिबंध एफइआई (घुड़सवारी खेलों की विश्व शासी निकाय) ने लगाया है। एक रिपोर्ट के तहत चार्लोट पर जुलाई 2024 से लागू होगा और वह अगले साल फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए पात्र होगी।दरअसल, जुलाई 2024 में चार्लोट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इस वीडियो में वह अपने घोड़े के पैरों के चारों और लगातार चाबुक से वार करती हुई




नजर आ रही थीं। इस वीडियो के जारी होने के बाद सोशल मीडिया पर चार्लोट की काफी आलोचना हुई थी। खेल प्रशंसकों ने चार्लोट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की थी।जानवरों के खिलाफ हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी :एफइआई महासचिव सबरीना इबनेज ने कहा, ये प्रतिबंध सभी को स्पष्ट संदेश है कि कोई चाहे कितना भी बड़ा एथलीट क्यों ना हो, यदि वो घोड़े के साथ अनुचित व्यवहार करेगा, तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण सत्र के फुटेज में किसी अन्य नियम का उल्लंघन नहीं हुआ है। वीडियो सामने आने के बाद चार्लोट के आचरण के खिलाफ कोई और शिकायत नहीं की गई है।

# जिम्बाब्वे ने तीसरे टी20 में पाकिस्तान को चटाई धूल

**नई दिल्ली.** बुलवाओ स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए टी20 सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में जिम्बाब्वे ने पाकिस्तान को 2 विकेट से हरा दिया। इस जीत के बावजूद जिम्बाब्वे को 2-1 से सीरीज गंवानी पड़ी। सीरीज से पहले दोनों मुकाबलों में पाकिस्तान ने जीत हसिल की थी। इस मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 132 रन बनाए। 133 रन के लक्ष्य को जिम्बाब्वे ने 8 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान आगा सलमान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। साहिबजादा फरहान



और ओमैर यूसुफ ने पारी की शुरुआत तो की लेकिन 4 रन जोड़ने के बाद ही जिम्बाब्वे ने पहला झटका दे दिया। फरहान एक चौका लगाने के बाद ही पवेलियन लौट गए। ओमैर खाता भी नहीं खोल सके और मुजरबानी की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौट गए। मुजरबानी ने अपने अगले ओवर में एक और सफलता हासिल की और पाकिस्तान का स्कोर 19 रन पर 3 विकेट कर दिया। इसके बाद कप्तान आगा सलमान ने तैयब ताहिर के साथ मिलकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। 8वें ओवर में ताहिर 21 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कसीम अकरम और अराफात मिनहास ने 20 प्लस पारियों के साथ कप्तान का साथ निभाया। आगा सलमान 32 रन बनाकर रनआउट हो गए। आखिरी ओवर में 13 रन जोड़कर पाकिस्तान ने 132 रन का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे के लिए मुजरबानी ने 2 विकेट हासिल किए तो रयान बर्ल सबसे किफायती गेंदबाज रहे और 3 ओवर में सिर्फ 15 रन खर्च किए।

जिम्बाब्वे का मिडल ऑर्डर लड़खड़ाया 133 रन के लक्ष्य को पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे को सलामी बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत दी। दोनों ने 3.1 ओवर में टीम का स्कोर 40 तक पहुंचा दिया। चौथे ओवर की दूसरी गेंद पर मरुमनी आउट हो गए। ब्रायन बनेट 43 रन बनाकर 10वें ओवर में पवेलियन लौटे। इसके बाद जिम्बाब्वे की बैटिंग लाइन अप लड़खड़ा गई लेकिन लक्ष्य इतना कम था कि पुछल्ले बल्लेबाजों ने मिलकर टीम को 133 के लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

# महिला अंडर-20, अंडर-17 फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने

**नई दिल्ली.**

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ स्वीडन के जोकिम एलेक्जेंडरसन को भारत की महिला अंडर-20 और अंडर-17 राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया।

एआईएफएफ और स्वीडिश फुटबॉल संघ के बीच हुए समझौते के तहत 48 वर्षीय एलेक्जेंडरसन नियुक्त किए गए हैं। उनका कार्यकाल 10 दिसंबर से बेंगलुरू में शुरू होने वाले दो महीने के अंडर-20 राष्ट्रीय शिविर से शुरू होगा।

एलेक्जेंडरसन का डिफेंडर के रूप में लंबा खेल करियर रहा है। वो मुख्य रूप से आईएफ एल्फ्सबर्ग के लिए खेले। उन्होंने स्वीडन के इस क्लब की कप्तानी की और कई ट्रॉफी जीती। वह स्वीडन के पूर्व अंडर-21 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं।

मैं इस चुनौती को लेकर बहुत



उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि भारत में बहुत संभावनाएं हैं। यहां फुटबॉल एक बड़ा खेल है और हर कोई आगे बढ़ना चाहता है इसलिए मुझे लगता है कि मेरे पास यहां एक अच्छा अवसर है और मैं इसके लिए उत्सुक हूं।

महिला फुटबॉलरों को बेहतर अवसर मिलने में मदद मिलेगी

मैं सहयोग के लिए स्वीडिश एफए के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा। इससे भारतीय महिला फुटबॉलरों को बेहतर अवसर मिलने में मदद मिलेगी। चौबे ने ये भी बताया कि महासंघ इंडियन वुमेन्स लीग में विदेशी खिलाड़ियों का कोटा बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। एआईएफएफ ने ये भी कहा कि भारत अंडर-20 और मालदीव के बीच दो मैत्री मैच 30 दिसंबर और दो जनवरी 2025 को खेले जाने की संभावना है।

## क्या क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपना लेंगे इस्लाम?

**नई दिल्ली.** पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने खेल को लेकर दुनियाभर में मशहूर हैं. रोनाल्डो मौजूदा वक्त में दुनिया के सबसे लोकप्रिय फुटबॉलर्स में से एक हैं. वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले इंसान हैं. अब रोनाल्डो को लेकर सामने आई खबर चौंका देने वाली है, जिसमें बताया गया कि रोनाल्डो इस्लाम धर्म अपनाने में काफी रुचि दिखा रहे हैं.इस बात का खुलासा रोनाल्डो के पूर्व साथी खिलाड़ी वलीद अब्दुल्ला ने किया. वलीद सऊदी अरब के फुटबॉल क्लब अल नासर के गोलकीपर रह चुके हैं. वहीं रोनाल्ड 2022 में अल नासर के साथ जुड़े थे. गौर करने वाली बात यह है कि रोनाल्डो का जन्म 5 फरवरी, 1985 में हुआ था. रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह एक कैथोलिक हैं. अब वह इस्लाम में अपनी दिलचस्पी दिखा रहे हैं.ट्रिब्यून के हवाले से वलीद अब्दुल्ला ने कहा, "रोनाल्डो वाकई में इस्लाम धर्म अपनाना चाहते हैं. मैंने उनसे इस बारे में बात की और उन्होंने दिलचस्पी दिखाई."

वलीद अब्दुल्ला ने आगे बताया कि कैसे रोनाल्डो गोल करने के बाद सजदा भी कर चुके हैं. वलीद ने बताया कि वह खिलाड़ियों को इस्लाम का पालन करने की सलाह देते हैं. वलीद अब्दुल्ला ने कहा, "वह गोल के बाद पहले ही मैदान पर सजदा कर चुके हैं और वह हमेशा खिलाड़ियों को प्रेयर करने और इस्लामी धार्मिक प्रथाओं का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं. वलीद अब्दुल्ला ने आगे कहा, "जब अभ्यास के दौरान अजान की आवाज आती है, तो रोनाल्डो कोच से अजान पूरी हो जाने तक अभ्यास रोकने के लिए कहते हैं और गोल करने के बाद अल्लाह हू अकबर भी कहते हैं.

# 6 दिसंबर को कई दिग्गज मनाते है अपना जन्मदिन

**नई दिल्ली.**

क्रिकेट जगत में 06 दिसंबर का दिन बहुत खास होता है. इस दिन एक या दो नहीं बल्कि कई क्रिकेटर्स अपना जन्मदिन मानते हैं. लिस्ट में टीम इंडिया के दिग्गज तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी



मौजूद हैं. तो हम आपको आज यानी 06 दिसंबर को जन्मदिन मनाने वाले क्रिकेटर्स की प्लेइंग इलेवन के बारे में बताएंगे. 06 दिसंबर को जन्मदिन मनाने वाले क्रिकेटर्स की प्लेइंग इलेवन में ओपनिंग की जिम्मेदारी भारतीय बल्लेबाज करुण नायर और पाकिस्तान के बल्लेबाज नासिर जमशेद को मिलेगी. दोनों ही बल्लेबाजों को ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का मौका नहीं मिला. फिर नंबर तीन की जिम्मेदारी श्रेयस अय्यर को मिलेगी, जो आज अपना 30वां जन्मदिन मना रहे हैं. अय्यर को ही इस टीम की कमान सौंपी जाएगी. इस तरह टीम का टॉप ऑर्डर पूरा होगा. फिर मिडिल ऑर्डर की शुरुआत आयरलैंड के हैरी टेक्टर के साथ होगी, जो नंबर चार पर खेलेंगे. फिर नंबर पांच की जिम्मेदारी न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को मिलेगी. फिलिप्स इस टीम के विकेटकीपर होंगे. फिलिप्स ऑलराउंडर का किरदार भी निभा सकते हैं.

फिर नंबर छह पर इंग्लैंड के दिग्गज ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ होंगे. इसके बाद नंबर सात की जिम्मेदारी भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दी जाएगी. वहीं नंबर आठ की जिम्मेदारी जिम्बाब्वे के पूर्व ऑलराउंडर शॉन एर्विन को मिलेगी. इस टीम का बॉलिंग डिपार्टमेंट काफी शानदार होगा, जिसमें सबसे पहले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शामिल होंगे. फिर तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज और टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह शामिल होंगे. करुण नायर, नासिर जमशेद, श्रेयस अय्यर (कप्तान), हैरी टेक्टर, ग्लेन फिलिप्स (विकेटकीपर), एंड्रयू फ्लिंटॉफ, रवींद्र जडेजा, सीन एर्विन, जसप्रीत बुमराह, आरसीप सिंह, अंशुल कंबोज.

# रोहिंग्याओं पर कहर बरपाने की तैयारी

- पानी और बिजली कनेक्शन काटे
- प्लॉट मालिकों को भी सख्त निर्देश

**श्रीनगर।**



अवैध प्रवासियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए जम्मू जिला प्रशासन ने चन्नी रामा, सुंजवां और नरवाल बाला इलाकों में 14 प्लॉट्स पर बसे 409 रोहिंग्याओं के पानी और बिजली कनेक्शन काट दिए हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, प्रशासन ने इन प्लॉट मालिकों से भी कहा है कि वे रोहिंग्याओं को जल्द से जल्द उनके प्लॉट से बेदखल करें। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया, हालांकि प्लॉट मालिकों को कोई समयसीमा नहीं दी गई है, लेकिन उन्हें जल्द से जल्द रोहिंग्याओं को बेदखल करने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि किराएदारों का सत्यापन अभियान जारी रहेगा। जम्मू के जिला आयुक्त सचिन कुमार वैश्य के निर्देश पर जम्मू पुलिस ने हाल ही में जिले में किराएदारों का सत्यापन अभियान शुरू किया था। इस अभियान के तहत रोहिंग्या शरणार्थी फिर से प्रशासन के निशाने पर आए हैं। भटिंडी इलाके के किरयानी तालाब में रहने वाले रोहिंग्या सलामत उल्लाह ने कहा, "हमारे पानी और बिजली कनेक्शन काट दिए गए हैं और प्लॉट मालिकों ने हमें एक महीने में खाली करने को कहा है।

हम यहां झोपड़ियों में रहते हैं और किराया देते हैं। हम मजदूरी करके अपना गुजारा करते हैं। अब हम कहां जाएंगे? मार्च 2021 से हिरानगर उप-जेल को होल्डिंग सेंटर के रूप में अधिसूचित किया गया है, जहां 275 रोहिंग्याओं को अवैध प्रवासी मानते हुए रखा गया है। प्रशासन के मुताबिक, रोहिंग्या "फ्लोटिंग पॉपुलेशन" हैं और सुरक्षा के लिए खतरा माने जाते हैं।

किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान, पुलिस ने चार रोहिंग्याओं को विदेशी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया और पांच मकान मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जिन्होंने पुलिस सत्यापन के बिना अपनी संपत्तियां रोहिंग्याओं को किराए पर दी थीं। नाम न बताने की शर्त पर जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमारे पास उन्हें होल्डिंग सेंटर में रखने और खिलाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।" 6 मार्च, 2021 को केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर, जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने रोहिंग्याओं का सत्यापन अभियान शुरू किया था और 271 को हीरानगर होल्डिंग सेंटर भेजा था। अधिकारी ने कहा, रोहिंग्या एक अस्थिर आबादी है और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करती है। इसलिए, किरायेदारों का सत्यापन अभियान अपरिहार्य है। सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में म्यांमार और बांग्लादेश से आए करीब 13,400 अवैध प्रवासी रह रहे हैं। 2022 में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट ने गृह सचिव को छह हफ्तों में सभी अवैध प्रवासियों की पहचान करने का निर्देश दिया था।

### फर्जी दस्तावेजों और धोखाधड़ी का मामला

❑ 2021 से साढ़े तीन साल से अधिक समय में, 275 रोहिंग्याओं को म्यांमार निर्वासित करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। अक्टूबर 2023 में किश्तवाड़ जिले में एक रोहिंग्या महिला अनवारा बेगम को फर्जी डोमिसाइल सर्टिफिकेट बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। साथ ही, इसमें शामिल एक दलाल और एक राजस्व अधिकारी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया।

## स्वर्ण जड़ित होगा राम मंदिर का शिखर

**अयोध्या.** राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने शुक्रवार को बैठक में निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और 15 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है। हालाँकि मजदूरों की संख्या बढ़ाई गई है, फिर भी थोड़ी कमी महसूस हो रही है। रामलला के मुख्य मंदिर के साथ ही सप्त मंदिरों और परकोटे का निर्माण भी मार्च तक पूरा करने की योजना है। परकोटे का तीन-चौथाई हिस्सा तैयार हो चुका है। लोअर प्लिंथ में 500 फीट लंबाई में रामकथा के प्रसंग उकेरे जा रहे हैं, जो मंदिर को ऐतिहासिक धरोहर बनाएँगे। मिश्र ने तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, फायर स्टेशन और वॉटर प्लांट जैसी परियोजनाओं की जानकारी दी। जनवरी तक ये सुविधाएं ट्रस्ट को सौंपने की योजना है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर का शिखर 10 फीट तक सोने से मंडित होगा, जिससे यह और भी भव्य बनेगा। निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार प्रगति कर रहा है। 15 मार्च तक मंदिर का मुख्य कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

## गुजरात के सूरत में 14 फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

### 70 हजार में डिग्री देने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**सूरत।**




गुजरात पुलिस ने सूरत से डॉक्टरी की फर्जी डिग्री देने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह पिछले 32 साल से कम पढ़े-लिखे बेरोजगारों को 70 हजार में फर्जी डिग्रियां देने का काम कर रहा था। रजिस्ट्रेशन रिन्यू करवाने के लिए 5 हजार रुपए फीस भी लेता था। इनमें से एक तो आठवीं पास है। वहीं एक फर्जी डॉक्टर शमीम अंसारी भी शामिल है, जिसके गलत इलाज की वजह से कुछ दिन पहले एक बच्ची की मौत हो गई थी। इस मामले में अब तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया है।गिरोह के 2 मुख्य आरोपी डॉ.रमेश गुजराती और बीके रावत के पास से पुलिस को सैकड़ों एप्लिकेशन और सर्टिफिकेट मिले हैं। यह गिरोह अब तक 1200 लोगों को फर्जी डॉक्टरी सर्टिफिकेट दे चुका था। पुलिस ने खबर मिलने पर पांडेसरा में 3 क्लिनिक पर छापा मारा। जहां इनके पास से बैचलर ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन एंड सर्जरी के सर्टिफिकेट मिले, जिन्हें सूरत के ही 2 डॉक्टरों ने जारी किया था। इनकी जांच करने पर पता चला कि जो सर्टिफिकेट इन्हें दिया गया था, वह गुजरात सरकार से मान्यता प्राप्त नहीं है। पुलिस के साथ छापा मारने गई टीम ने भी कहा कि डिग्री फर्जी है। पकड़े गए आरोपी डॉ. मेश गुजराती ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने 1990 के दशक में बीएचएमएस की पढ़ाई की थी। वह कई ट्रस्ट में वक्ता के तौर पर काम करता रहा, लेकिन जब इससे ज्यादा मुनाफा नहीं हुआ तो उसने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के क्षेत्र में कदम रखा। उसने यह गिरोह इसलिए शुरू किया क्योंकि भारत सरकार या राज्य सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के लिए कोई नियम लागू नहीं किए हैं।

## कश्मीर में जमने लगी डल झील

### शीतलहर ने दिल्ली-यूपी में बढ़ाई ठंड



**नई दिल्ली।** दिल्ली- यूपी समेत पूरे उत्तर भारत में ठंड अब अपने रंग दिखाने लगी है। पिछल दो दिन से लगातार शीतलहर चल रही है। धूप होने के बावजूद हवा से कंपकंपी छूट रही है। मौसम विभाग ने पहाड़ों पर बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, कश्मीर में ठंड के कारण डल झील जमने लगी है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -2.0 डिग्री सेलसियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक हिमाचल के कुछ जिलों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, तमिलनाडु में आज बारिश के आसार है। उत्तर प्रदेश में तेज पछुआ हवाओं का सिलसिला अगले 48 घंटे तक जारी रहेगा, जिससे तापमान में और गिरावट की संभावना है। ठंडी हवाओं के कारण सुबह-शाम की ठंड बढ़ गई है। मौसम विज्ञानी डा.अतुल कुमार सिंह के अनुसार, पश्चिमी दिशा से उत्तर-पश्चिमी भारत की ओर बढ़ रहा एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ आठ और नौ दिसंबर को प्रदेश के मौसम को प्रभावित करेगा। तमिलनाडु में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश हुई। कलासापाकम में सबसे ज्यादा 12 सेमी बारिश रिकॉर्ड की गई, जो तुनमलाई जिले में है। आने वाले दिनों में मौसम में बदलाव की उम्मीद है। कल भी तमिलनाडु के कुछ जिलों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। इसके अलावा अंडमान निकोबार में भी छिटपुट बारिश की संभावना है।

## दिसंबर के अंत तक अंतरिक्ष 'डॉकिंग मिशन'

**श्रीहरिकोटा.**



इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अपने विश्वसनीय ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पर 'स्पैडेक्स' नामक 'स्पेस डॉकिंग' प्रयोग के प्रदर्शन के लिए एक मिशन की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि रॉकेट तैयार हो रहा है और बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिक इस महीने के अंत में इसके प्रक्षेपण की उम्मीद कर रहे हैं। अंतरिक्ष विभाग के सचिव सोमनाथ ने दिन में 'पीएसएलवी-सी59/प्रोबास-3' मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल), यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस मिशन (पीएसएलवी-सी59-प्रोबास-3 मिशन) के समान ही दिसंबर में पीएसएलवी-सी60 का प्रक्षेपण होने वाला है।

उन्होंने कहा, ''यह (पीएसएलवी-सी60 मिशन) 'स्पेस डॉकिंग' प्रयोग का प्रदर्शन करेगा, जिसे 'स्पैडेक्स' नाम दिया गया है। रॉकेट अभी तैयार किया जा रहा है और हम प्रक्षेपण से संबंधित अंतिम चरण की गतिविधियों की तैयारी कर रहे हैं, जो संभवतः दिसंबर में ही पूरी हो सकती हैं।'' 'स्पेस डॉकिंग' तकनीक का तात्पर्य अंतरिक्ष में दो अंतरिक्ष यानों को जोड़ने की तकनीक से है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसकी सहायता से मानव को एक अंतरिक्ष यान से दूसरे अंतरिक्ष यान में भेज पाना संभव होता है। अतः स्पेस डॉकिंग अंतरिक्ष स्टेशन के संचालन के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। डॉकिंग में अंतरिक्ष यान अपने आप ही स्टेशन से जुड़ सकता है। अंतरिक्ष में दो अलग-अलग चीजों को जोड़ने की यह तकनीक ही भारत को अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने में और चंद्रयान-4 परियोजना में मदद करेगी।

'प्रोबा-3 मिशन' के बारे में उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार का मिशन हीलियोफिजिक्स (सूर्य और उसके ग्रहों का अध्ययन) के बारे में है और भारत में 'वैज्ञानिकों का एक मजबूत समूह' है, जो यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिकों के साथ मिलकर काम कर रहा है। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो के पीएसएलवी ने गुरवार को ईएसए के दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया।

## गौहत्या पर ओडिशा में भी ऐक्शन

### पूर्ण प्रतिबंध की तैयारी में भाजपा सरकार

**भुवनेश्वर।** असम में हिमंता सरमा की सरकार ने गोमांस की खपत पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसका असर दूसरे राज्यों पर भी दिखाई दे रहा है। अब ओडिशा की सरकार ने कहा है कि वह भी अपने प्रदेश में इसी तरह का कानून लागू करने पर विचार कर रही है। इसके तहत गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने की बात कही गई है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहाकि सरकार गायों के संरक्षण और उनकी जनसंख्या बढ़ाने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएगी।

उन्होंने कहाकि गौहत्या पर सरकार का स्टैंड बिल्कुल स्पष्ट है। अब हम इसको लेकर कानून लाने पर विचार कर रहे हैं। कानून मंत्री ने कहाकि इस विधानसभा सत्र में कुछ प्राइवेट बिल लाए जाएंगे। इनमें से एक गौहत्या पर प्रतिबंध के संबंध में हो सकता है। ओडिशा के पशुपालन मंत्री गोकुलानंद मलिक ने कहाकि राज्य सरकार गायों के संरक्षण के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहाकि अगर हमें गोमांश से संबंधित किसी घटना के बारे में पता चलता है तो हम निश्चित तौर पर कड़ा ऐक्शन लेंगे। ओडिशा गोहत्या रोकथाम अधिनियम, 1960 के तहत, गायों की हत्या पूरी तरह से प्रतिबंधित है। गायों (बछिया या बछड़ा) की हत्या एक संज्ञेय अपराध है। इसमें अधिकतम 2 साल तक कारावास या 1,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों का प्रावधान है। हालांकि सांड़ या बैल के मामलों में कुछ खास प्रावधान हैं और उपयुक्त प्रमाण-पत्र देने पर उनके वध की अनुमति है। तीन साल पहले, भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से ओडिशा गौहत्या अधिनियम को हत्या की तरह सख्त बनाने का आग्रह किया था। राज्य पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पिछले चार साल में प्रदेश में मवेशियों की तस्करी के साथ-साथ गोमांस तस्करी की 200 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं।

## भारत से पंगा लेकर बुरे फंसे जस्टिन ट्रूडो



**ओटावा।**

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध खराब हो गए। चुनाव जीतने के लिए खालिस्तानियों को लुभाने में लगे कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के खिलाफ बेबुनियाद आरोप लगाए, जिसके बाद भारत ने भी मुंहतोड़ जवाब दिया। भारत के खिलाफ अनाप-शनाप बोलकर पंगा लेने वाले जस्टिन ट्रूडो को अब उन्हीं के देश की जनता ने आईना दिखाते हुए पोल खोल दी है। एक सर्वे में पाया गया है कि 39 फीसदी कनाडाई लोग मानते हैं कि जस्टिन ट्रूडो की सरकार भारत के साथ संबंधों को ठीक तरह से मैनेज नहीं कर पा रही है।

सर्वे में लोगों ने जस्टिन ट्रूडो की असलियत को दिखा दिया है। 39 फीसदी लोगों ने यहां तक कह दिया है कि जब तक जस्टिन ट्रूडो कनाडा के प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक भारत और कनाडा के बीच संबंध ठीक नहीं होने वाले। मालूम हो कि कनाडा को अगले साल आम चुनाव का सामना करना है और ट्रूडो अपने ही सांसदों से घिरे हुए हैं।

उनके सहयोगी सांसदों का ही ट्रूडो से विश्वास हटता जा रहा है। कई चुनावी सर्वों में भी ट्रूडो की पार्टी पिछड़ती दिख रही है। ऐसे में वह जनता को लुभाने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। इस सर्वे को जाने माने एंगस रीड इंस्टीट्यूट और एशिया पैसिफिक फाउंडेशन ने मिलकर किया है। इसमें सर्वे में ज्यादातर लोगों ने कनाडाई सरकार को इस बात का जिम्मेदार ठहराया है कि उसकी वजह से ही भारत और कनाडा के बीच संबंध इतने ज्यादा खराब हो गए हैं। सर्वे से साफ है कि कनाडाई जनता भी ट्रूडो की चाल को समझ गई है।

## अडानी से नहीं मिले स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विद्युत मंत्री वी सेंथिल बालाजी ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने उद्योगपति गौतम अडानी से मुलाकात नहीं की और ना ही अडानी समूह के साथ कोई करार किया है। बालाजी ने इस बारे में अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि द्रमुक सरकार ने कोई अनुबंध नहीं किया था और केवल 7.01 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीदने से संबंधित एक मामला उच्चतम न्यायालय में लंबित है। उन्होंने 2015 में अन्नाद्रमुक की सरकार के दौरान रामनाथपुरम जिले में कंपनी के 648 मेगावाट के सौर संयंत्र से बिजली खरीदने के लिए 25 साल की अवधि के लिए किए गए समझौते का जिक्र किया।

## बांग्लादेश ने कोलकाता-त्रिपुरा से डिप्लोमैट्स वापस बुलाए



**ढाका।**

बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने कोलकाता और त्रिपुरा से अपने 2 डिप्लोमैट्स को वापस बुला लिया है। 2 दिसंबर को अगरतला में बांग्लादेशी हाई कमीशन में तोड़-फोड़ हुई थी। कोलकाता में भी डिप्टी हाई कमीशन के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इन्हीं घटनाओं को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने 3 दिसंबर को डिप्लोमैट्स को वापस बुलाने का फैसला किया था। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। कोलकाता में बांग्लादेश के एक्टिंग डिप्टी हाई कमिश्नर मोहम्मद अशरफुर रहमान ढाका पहुंच चुके हैं। उन्होंने बांग्लादेशी सरकार के फॉरेन एडवाइजर तौहीद हुसैन से मुलाकात भी की। अशरफुर ने तौहीद को अगरतला में हुए हमले और ताजा हालात की जानकारी दी। त्रिपुरा के बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमिश्नर आरिफ मोहम्मद फिलहाल ढाका नहीं पहुंचे हैं। उधर, अगरतला-कोलकाता की घटना के जवाब में बांग्लादेश में भी प्रदर्शन हो रहे हैं। गुरुवार को बांग्लादेशी नेताओं ने ढाका में भारतीय साड़ी जलाकर इंडियन प्रोडक्ट्स को बायकॉट करने की अपील की। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय का आरोप है कि भारतीय हिंदुत्व संगठनों के समर्थकों ने 2 दिसंबर को अगरतला के हाई कमीशन में बांग्लादेशी झंडे का अपमान किया था। उन्होंने परिसर पर हमला भी किया था। 3 दिसंबर को बांग्लादेश ने हाई कमीशन को बंद कर दिया था।

## कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या

**ओटावा।** कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सार्निया में 22 वर्षीय लड़के की किचन में अपने रूममेट के साथ मारपीट हुई, जिसने चाकू मारकर उसकी जान ले ली। पीड़ित की पहचान पंजाब के गुरासिस सिंह के तौर पर हुई, जो लैंबटन कॉलेज में बिजनेस की पढ़ाई करता था। आरोपी का नाम क्रॉसली हंटर है जो 36 साल का है। उस पर सेकंड डिग्री के मर्डर का आरोप लगा है और हिरासत में लिया जा चुका है। सार्निया पुलिस की ओर से बताया गया कि यह घटना बीते 1 दिसंबर की है। क्वीन स्ट्रीट पर एक कमरे में दोनों लड़के साथ रहते थे। झड़के के बाद पुलिस के पास फोन कॉल गया। सूचना मिलने के तुरंत बाद कुछ पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने भारतीय छात्र को खून से लथपथ हालत में पाया, जिसके ऊपर चाकू से कई बार हमला किया गया था। आरोपी हंटर को मौके से ही हिरासत में ले लिया गया। उसे लंदन में ओंटारियो कोर्ट ऑफ जस्टिस के सामने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया गया और हिरासत में भेजने का फैसला हुआ। पुलिस के अनुसार, दोनों के बीच किचन में झगड़ा हुआ।

## अभिषेक पर लगाम लगाने की कोशिश में ममता ?

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के अंदर पुराने और नए नेतृत्व के बीच बढ़ते टकराव के बीच पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार फिर स्पष्ट संकेत दिया है कि प्रशासनिक और संगठनात्मक मामलों में अंतिम निर्णय उन्हीं का होगा। हाल के हफ्तों में राज्य में हुई घटनाओं ने ममता बनर्जी की इस स्थिति को और पुख्ता किया है। बुधवार को उन्होंने सीआईडी प्रमुख आर राजशेखरन को उनके पद से हटा दिया और उन्हें एडीजी (आईजीपी ट्रेनिंग) पद पर स्थानांतरित कर दिया। यह फैसला उस घोषणा के कुछ दिनों बाद आया जब ममता ने कहा था कि सीआईडी का पूरी तरह से पुनर्गठन किया जाएगा। 21 नवंबर को वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में



उन्होंने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही थी चाहे उनकी राजनीतिक पहचान कुछ भी हो। 20 नवंबर को कोलकाता में टीएमसी पार्षद सुशांत घोष पर हुए हमले के बाद पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं (कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और सांसद सौगत रॉय) ने पुलिस की आलोचना की। टीएमसी के भरतपुर विधायक और पूर्व मंत्री हुमायूं कबीर ने सार्वजनिक रूप से कहा कि वह चाहते हैं कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी को उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री बनाया जाए। इस बयान ने पार्टी के पुराने और नए गुट के बीच तनाव को और बढ़ासूत्रों के अनुसार, सीआईडी प्रमुख को हटाने से पहले ममता ने अपने करीबी सहयोगियों को संकेत दिया था कि वह कैबिनेट और बंगाल पुलिस में बदलाव कर सकती हैं। 25 नवंबर को पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ममता ने कई वफादार नेताओं को कार्यकारी समिति में शामिल किया। दिया।

## अंतरिक्ष में 'फंसीं' सुनीता करने जा रहीं कमाल

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स इन दिनों अंतरिक्ष में 'फंसी' हुई हैं। वह और उनके साथी विल्मोर बुच अगले साल फरवरी में धरती पर वापस आएंगे। इस बीच, सुनीता विलियम्स स्पेस में कमाल करने जा रही हैं, जिसे सुनकर आप हैरान रह जाएंगे। वह अंतरिक्ष पर चहलकदमी करने की तैयारी कर रही हैं। दरअसल, साल 2025 में सुनीता को स्पेसवॉक करना है। उन्होंने अपना दूसरा दिन भी क्वेस्ट एयरलॉक में अपने स्पेससूट पर काम करते हुए बिताया। सुनीता विलियम्स ने इस दौरान डेटा रिकॉर्डर बॉक्स की अदला-बदली की और स्पेससूट ठीक किया। अगले साल इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का क्रू अंतरिक्ष पर चहलकदमी करने की तैयारी कर रहा है। सुनीता विलियम्स खुद भी एक्सपीडीशन 72 क्रू का हिस्सा हैं और इससे जुड़ी चीजों का निरीक्षण करने में इन दिनों व्यस्त हैं। इतना ही नहीं, टीम रिसर्च सैंपल्स को फाइनल करने और पृथ्वी पर वापस भेजने को लेकर भी काम कर रही है। रिसर्च सैंपल्स के साथ ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की वापसी पहले छह दिसंबर को होनी थी, लेकिन अब 12 दिसंबर की तारीख तय की गई है। सुनीता विलियम्स स्पेस स्टेशन में इतने समय तक किए गए रिसर्च सैंपल्स को अंतिम रूप दे रही हैं और उसे वापस धरती पर भेजने के लिए पैक कर रही हैं।

## भारतीय सेना के खेमे में शामिल होगा बाज अटैक ड्रोन

### सेना ने बनाया अद्भुत नमूना, रॉकेट लॉन्चर भी कर सकता है फायर

**नई दिल्ली।**



भारतीय सेना के खेमे में जल्द बाज अटैक ड्रोन शामिल होने वाला है। बाज अटैक ड्रोन दुनिया का इकलौता ड्रोन है, जो रॉकेट लॉन्चर फायर कर सकता है। 1 मिनट में 1 किलोमीटर तक उड़ने वाला ये ड्रोन सेना को और भी मजबूत करेगा। खास बात यह है कि इसे खुद भारतीय सेना ने तैयार किया है. बाज अटैक ड्रोन 50 किलो तक के विस्फोटक ले जाने में सक्षम है। आत्मनिर्भर भारत का ये एक अद्भुत नमूना है. सेना की ओर से तैयार किया गया बाज अटैक ड्रोन पूरी तरह स्वदेशी है। ये अपने तमाम तरह के ट्रायल्स पूरे कर चुका है। बहुत जल्द इसे आर्मी में शामिल कर लिया जाएगा। एक बाज की तरह उड़ान भरकर ये दुश्मन पर घातक अटैक कर सकता है. यह रॉकेट लॉन्चर दागने में सक्षम है. साथ ही यह छोटे हथियार, ग्रेनेड लॉन्चर और मोर्टार बम भी दुश्मन के इलाके में गिरा सकता है। बाज अटैक ड्रोन का निर्माण भारतीय सेना के द्वारा देश की सुरक्षा में एक बड़ा योगदान है।

इससे न सिर्फ देश के अंदर नजर रखी जा सकेगी बल्कि यह सीमा पर अवैध गतिविधियों पर भी कड़ा नजर रखेगा. एक बाज की तरह उड़ान भरकर ये दुश्मन पर घातक अटैक कर सकता है। यह रॉकेट लॉन्चर दागने के साथ दुश्मन के कई गतिविधियों को रोकने में सक्षम है. साथ ही सेट द टारगेट एंड हिट द टारगेट की फिलॉस्फी को भी ये पूरा करेगा। यानी कि निर्दिष्ट लक्ष्यों पर विस्फोट करने में ये सक्षम है। इसका इस्तेमाल आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन में, बॉर्डर पर दुश्मन को पीछे खदेड़ने के लिए और बॉर्डर पर लॉजिस्टिक्स ड्रोन के रूप में भी किया जा सकता है. वहीं, इसके सेना में शामिल करने से यह देश की सीमा पर पहरेदार की भूमिका निभाएगा. साथ ही सेना को दुश्मनों के खिलाफ लड़ाई में भी मजबूत योगदान करेगा।

### मारक क्षमता 20 किलोमीटर तक है

❍ बाज अटैक ड्रोन को विशेष रूप से 'एच' में डिजाइन किया गया है. इसकी मारक क्षमता 20 किलोमीटर तक है। यह 50 किलोग्राम से अधिक वजन का पेलोड ले जा सकता है. बाज ड्रोन को ऑटोनोमस के साथ-साथ मैनुअल तरीके से भी संचालित किया जा सकता है। इसका इस्तेमाल दुश्मन के टैंक, बंकर, प्रशासनिक क्षेत्र, गोला-बारूद डंप और कमांड नियंत्रण केंद्र को डिस्ट्रॉय करने में भी यूज कर सकते हैं।